एक अन्य मामले में, सीमा शुल्क अधिकारियों ने 469.75 कैरट हीरे जब्त किए, जिनमें 43.5 कैरट प्राकृतिक और 426.25 कैरट कृत्रिम हीरे शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत 54.13 लाख रुपये है। अधिकारियों ने बताया कि कीमती सामान यात्री ने अपने शरीर में छुपा रखा था और उस व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया। अधिकारी ने बताया कि मामले में जांच जारी है।

सम्पादकीय

मिशन-2026 : माओवादी आतंक का खात्मा तय

देश सहित छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का खात्मा हो रहा है। छत्तीसगढ़ का कुख्यात माओवादी आतंकी हिडमा 18 नवंबर को मारा गया। छत्तीसगढ़-आंध्रप्रदेश बॉर्डर पर सुरक्षाबलों ने हिडमा की पत्नी समेत कुल 6 नक्सली-माओवादियों को ढेर कर दिया है।

वस्तुतः नक्सलवाद-माओवाद के समूलनाश के पीछे केन्द्र की मोदी सरकार और राज्य की साय सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता है।जो सरेंडर करने वालों का स्वागत भी कर रही है। पुनर्वास भी सुनिश्चित कर रही है। लेकिन अगर माओवादी, आतंक का रास्ता नहीं छोड़ते तो उनका अंत भी तय है। यानी मिशन-2026 पूरी तरह से एक्टिवेट है।

17 नवंबर 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में रामनाथ गोयनका व्याख्यान में भी माओवादी आतंक की समाप्ति का ज़िक्र किया। अर्बन नक्सलियों और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि - 'पूरे देश में नक्सलवाद-माओवादी आतंक का दायरा बहुत तेजी से सिमट रहा है, लेकिन कांग्रेस में ये उतना ही सक्रिय होता जा रहा था। आप भी जानते हैं, बीते पांच दशकों तक देश का करीब-करीब हर बड़ा राज्य, माओवादी आतंक की चपेट में, चपेट में रहा। लेकिन ये देश का दुर्भाग्य था कि कांग्रेस भारत के संविधान को नकारने वाले माओवादी आतंक को पालती-पोसती रही और सिर्फ दूर-दराज के क्षेत्रों में जंगलों में ही नहीं, कांग्रेस ने शहरों में भी नक्सलवाद की जड़ों को खाद-पानी दिया। कांग्रेस ने बड़ी-बड़ी संस्थाओं में अर्बन नक्सलियों को स्थापित किया है।'

साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरी गंभीरता के साथ देश की एकता पर गंभीर खतरे को भी चिन्हांकित किया। उन्होंने कहा कि - '10-15 साल पहले कांग्रेस में जो अर्बन नक्सली, माओवादी पैर जमा चुके थे, वो अब कांग्रेस को मुस्लिम लीगी- माओवादी कांग्रेस, श्ण बना चुके हैं। और मैं आज पूरी जिम्मेदारी से कहूंगा कि ये मुस्लिम लीगी- माओवादी कांग्रेस, अपने स्वार्थ में देशहित को तिलांजलि दे चुकी है। आज की मुस्लिम लीगी- माओवादी कांग्रेस, देश की एकता के सामने बहुत बड़ा खतरा बनती जा रही है।'

यानी संदेश साफ है कि नक्सलवाद-माओवाद के प्रति 'ज़ीरो टॉलरेंस' की नीति तय है। मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद-माओवाद का संपूर्ण खात्मा सुनिश्चित है। ये अभियान अपने अंतिम चरण पर है। साथ ही नक्सलवाद-माओवाद को पालने-पोसने वालों और समर्थकों के लिए कड़ी चेतावनी है। अगर देश की एकता, अखंडता, सुरक्षा से खेलेंगे तो अंज़ाम बुरा होगा। वहीं छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजयशर्मा जिस तरह से नक्सलवाद-माओवाद के उन्मूलन में मिशन मोड में लगे हैं। वो क़ाबिले तारीफ़ है। माओवादी हिडमा के मारे जाने के पहले विजय शर्मा उसके गांव पूर्वती गए थे। हिडमा की मां के साथ भोजन किया था। पुत्रवत रुप में उनका आदर सत्कार किया था। हिडमा की मां से सरेंडर करवाने के लिए अपील भी करवाई थी। इसके बाद जब हिडमा ने सरेंडर नहीं किया तो सुरक्षाबलों ने उसे नेस्तनाबूद कर दिया।

2023 में छत्तीसगढ़ में बीजेपी सरकार की वापसी होने के बाद बस्तर क्षेत्र से माओवादियों का खात्मा हो रहा है। व्यापक स्तर पर आत्मसमर्पण कराया जा रहा है। पहले 'बोली' फिर 'गोली' दोनों का प्रयोग किया जा रहा है। स्थायी शांति की ओर तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने चेताया है चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं। माओवादियों का 'अर्बन' मॉडल जिसे 'अर्बन नक्सली' के नाम से जाना जाता है। वो अभी भी देश भर में सक्रिय हैं। नई रणनीतियों पर लगा हुआ है। लेकिन ये तय है कि देश भर से नक्सलवाद-माओवादी आतंकवाद का खात्मा होगा। अर्बन नक्सलियों के ताबूत में भी अंतिम कील ठोंकी जाएगी। स्थायी शान्ति और विकास की बहाली होगी। ये नया भारत है। जो अपने नागरिकों की सुरक्षा और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। संदेश साफ है देशविरोधी कोई कृत्य बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

शोर-शराबे का दौर, खोती हुई आवाजें, क्या हम ठहरकर खुद को देख पाएंगे? गैजेट्स के बीच अकेला इंसान

हम एक ऐसे समय में जी रहे हैं जहां हर पल कुछ न कुछ बदल रहा है, लेकिन इस बदलाव की गति ने हमारी चेतना को लगभग सुन्न कर दिया है। खबरें आती हैं, हिलाती हैं और अगले ही पल किसी और सनसनी के नीचे दब जाती हैं। इस तेजी से भागती दुनिया में सबसे दुर्लभ चीज है ठहराव, और शायद सबसे जरूरी भी।

देश में चुनावी शोर होता ही रहता है। हर गली-कूचे में नारों की गूंज, मीडिया में बहसों की गरमी, सोशल मीडिया पर आरोप-प्रत्यारोप की झड़ी लगी रहती है। लेकिन अगर हम इन आवाजों के बीच कुछ देर चुप बैठकर सोचें, तो पाएंगे कि आम आदमी की आवाज कहीं खो-सी गई है। वास्तव में जिसे लोकतंत्र का केंद्र होना चाहिए, वही सबसे हाशिये पर है।

गांवों में पानी नहीं है, शहरों में हवा नहीं है, किसान आज भी कर्ज के बोझ तले आत्महत्या कर रहे हैं और युवा बेरोजगारी के दुश्चक्र में फंसे हुए हैं। लेकिन चुनावी बहसें मंदिर-मस्जिद, जाति-धर्म, राष्ट्रवाद और विरोधियों की गालियों के इर्द-गिर्द घूमती हैं। हम जैसे देखना ही भूल गए हैं कि राजनीति का मतलब लोगों की जिंदगी बेहतर करना है।

इस सबके बीच, ऐसा लगता और दिखता है कि तकनीक ने हमारी दुनिया को व्यापक स्तर पर जोड़ा है। मगर सच्चाई यह है कि तकनीकी दुनिया का विस्तार जैसे-

जैसे होता गया है, उतना ही हम अलग-थलग भी हुए हैं। हम घंटों मोबाइल, कंप्यूटर या टीवी के स्क्रीन पर टिके रहते हैं, लेकिन पास बैठे लोगों से आंख मिलाने का हमारे पास वक्त नहीं होता।

हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अंतरिक्ष तकनीकी और जैव तकनीकी के युग में हैं, लेकिन मनुष्यता का सबसे बड़ा प्रश्न आज भी वही है - सहानुभूति। सवाल है कि क्या हम एक-दूसरे के दुख को महसूस करना भूल गए हैं?

दिल्ली की किसी झुग्गी में बैठी एक मां, जो दिन भर घरों में झाड़ू-पोंछा कर अपना पेट पालती है, आज महंगाई की मार से दो जून की रोटी भी मुश्किल से जुटा पा रही है। उसकी पीड़ा और अभाव की हालत किसी 'विकास दर' में दर्ज नहीं होती। न ही वह किसी आधुनिक और मशहूर ट्रेन की तस्वीर में शामिल है। मगर असल भारत वहीं सांस लेता है - गर्मी के मौसम की झुलसती दोपहर में, टूटी हुई चप्पलों के साथ।

कभी-कभी लगता है कि जैसे हम एक बड़े भ्रम में जी रहे हैं। एक विकासशील देश होने का भ्रम, एक महान संस्कृति के वाहक होने का भ्रम, एक विश्वगुरु बनने की आकांक्षा का भ्रम, लेकिन क्या हमने अपने भीतर झांककर देखा है?

सार्वजनिक रूप से भी बोली जाने वाली हमारी भाषा कितनी आक्रामक हो गई है। असहमति का मतलब दुश्मनी, आलोचना का मतलब राष्ट्रद्रोह और सवाल पूछने का मतलब साजिश बन गया दिखता है। यह केवल भारत की कहानी नहीं है। पूरी दुनिया जैसे किसी अस्थायी असंतुलन से गुजर रही है। यूक्रेन में युद्ध अब पुराना हो चला है, गाजा में बच्चों की लाशें अब आंकड़ों में बदल चुकी हैं।

जलवायु संकट सिर पर है, लेकिन औद्योगिक राष्ट्र अपने मुनाफे से आगे कुछ सोचने को तैयार नहीं। अफ्रीका की भूख, एशिया की बेरोजगारी और अमेरिका की बंदूकें - ये सब मिलकर एक थके हुए, डरे हुए और भविष्यविहीन मानवता की तस्वीर पेश करते हैं।

सब तरफ निराशा की धुंध दिखती है, लेकिन इसी अंधकार के बीच कुछ रोशनी भी है। एक बच्चा जब स्कूल में दाखिला पाता है, एक लड़की जब बिना डर के साइकिल चला पाती है, एक किसान जब अपने खेत से उपज लेकर लौटता है, तो एक छोटी-सी आशा जन्म लेती है। ये छोटी आशाएं ही बड़े बदलाव की जमीन तैयार करती हैं।

अब सवाल यह है कि हम किस ओर जाना चाहते हैं? क्या हम केवल एक उपभोक्ता समाज बनकर संतुष्ट रहेंगे, जहां मनुष्य केवल एक ग्राहक है? या फिर हम एक ऐसा समाज बनाएंगे या बनाना चाहते हैं, जहां हर जीवन की गरिमा हो?

हमें इस बात पर फिर से विचार करना होगा कि लोकतंत्र केवल पांच साल में एक बार वोट डालने का नाम नहीं है। यह रोजमर्रा की भागीदारी, सवाल करने की संस्कृति और जवाबदेही की मांग से ही जीवित रहता है। और अगर हम अपने अधिकारों के प्रति सजग नहीं होंगे, तो इतिहास गवाह है कि सत्ताएं धीरे-धीरे नागरिकों के मुंह बंद करना जानती हैं।

दिमाग उम्र से नहीं, जिज्ञासा न होने से बूढ़ा होता है, सक्रिय सोच कैसे मस्तिष्क को जीवनभर युवा बनाए रखती है इसलिए जरूरी है कि हम ठहरें और देखें कि हमारे आसपास क्या हो रहा है। क्या हम वाकई बेहतर हो रहे हैं या बस बेहतर दिखने की कोशिश में लगे हैं? देश से लेकर दुनिया भर में आंकड़ों का जो चकाचौंध परोसा जा रहा है, क्या वह जमीनी स्तर पर भी वास्तव में अपनी तेज जितना ही प्रभाव दिखा पा रहा है?

दुनिया आगे जा रही है या कहें कि आगे जाती हुई दिख रही है, लेकिन हमें यह तय करना होगा कि यह आगे बढ़ना किस दिशा में है। क्या दुनिया का 'आगे जाना' मानवीय मूल्यों के साथ है या फिर ये मूल्य पीछे छूट रहे हैं, नजरअंदाज किए जा रहे हैं या कहीं इसके विरुद्ध भी तो रास्ता नहीं तैयार किया जा रहा है? बिना मूल्यों के, बिना करुणा के, बिना आत्मनिरीक्षण के कोई भी प्रगति खोखली होती है। और खोखली इमारतें, चाहे कितनी भी ऊंची हों, एक दिन ढह जाती हैं। हम अभी भी संभल सकते हैं।

दिल्ली दिलवालों की ही नहीं, अब 'फेफड़े वालों' की भी नहीं रही?

हर साल नवंबर का महीना आते ही देश की राजधानी दिल्ली एक 'गैस चैंबर' में तब्दील हो जाती है। नवंबर 2025 में एक बार फिर दिल्लीवासियों का सांस लेना दूभर हो गया है। सुबह की शुरुआत ताजी हवा से नहीं, बल्कि धुंध की एक मोटी चादर और आंखों में जलन के साथ हो रही है। लगातार गिरती वायु गुणवत्ता को देखते हुए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के विशेषज्ञों ने इसे 'मेडिकल इमरजेंसी' करार दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि दिल्ली का प्रदूषण अब केवल पर्यावरणीय समस्या नहीं, बल्कि लोक स्वास्थ्य का बड़ा खतरा बन गया है।

वर्तमान स्थिति के ताजा आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2025 के मध्य में दिल्ली के कई इलाकों (जैसे बवाना, वजीरपुर, और जहांगीरपुरी) में एक्यूआई 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया है। कुछ स्थानों पर यह 500 के खतरनाक स्तर को भी छू रहा है। स्थिति को देखते हुए 'ग्रैप' के कड़े चरण लागू किए गए हैं, जिसमें निर्माण कार्यों पर रोक और बी एस-3 पेट्रोल व बी एस -4 डीजल गाड़ियों पर प्रतिबंध शामिल हैं।परन्तु सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के दीर्घकालिक समाधान का समर्थन करते हुए, ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के तहत प्रतिबंधित सभी गतिविधियों पर साल भर प्रतिबंध लगाने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने पंजाब और हरियाणा सरकारों को दोनों राज्यों में पराली जलाने के मुद्दे पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा।

एक्यूआई बताता है कि हवा कितनी साफ या प्रदूषित है। जब एक्यूआई 0 से 50 के बीच होता है, तब हवा अच्छी मानी जाती है और सेहत पर कोई असर नहीं होता। 51 से 100 के बीच हवा संतोषजनक होती है, जिससे बहुत संवेदनशील लोगों को थोड़ा सांस लेने में परेशानी हो सकती है। 101 से 200 के बीच हवा मध्यम होती है, जो फेफड़ों, अस्थमा या हृदय की बीमारी वाले लोगों को दिक्कत दे सकती है। 201 से 300 तक की हवा खराब होती है और लंबे समय तक इसमें रहने से अधिकतर लोगों को सांस लेने में परेशानी होती है।301 से 400 के बीच हवा बहुत खराब होती है, जिससे लोगों को सांस की बीमारियां हो सकती हैं। जब एक्यूआई का लेवल 400 के पार पहुँच जाता है, जैसा कि इन दिनों हो रहा है। तो इसका मतलब है कि हवा में मौजूद पीएम 2.5 के सूक्ष्म कणों की मात्रा इतनी ज्यादा है कि ये फेफड़ों को गंभीर नुकसान पहुँचा रही है। एक्सपर्ट का साफ अनुमान है कि ऐसे गंभीर प्रदूषण में बिना मास्क के बाहर निकलना या साँस लेना, एक दिन में 20 से 25 सिगरेट पीने के बराबर हो सकता है।जो स्वस्थ लोगों को भी नुकसान पहुंचाती है और बीमार लोगों की हालत और बिगाड़ सकती है।

एम्स के विशेषज्ञों के अनुसार प्रदूषण अब केवल अस्थमा, सांस फूलना और सीओपीडी तक सीमित नहीं है। हवा में मौजूद महीन कण रक्तप्रवाह में शामिल होकर हार्ट अटैक और स्ट्रोक का जोखिम भी बढ़ा रहे हैं।बढ़ते प्रदूषण की वजह से रोजाना 20 से 30 मरीज सांस और अन्य प्रदूषणजनित बीमारियों के साथ अस्पताल पहुंच रहे हैं। हवा में मौजूद अल्ट्रा-फाइन कण गर्भवती महिलाओं के शरीर के माध्यम से गर्भस्थ शिशु तक पहुंच रहे हैं। इससे न केवल भ्रूण की वृद्धि प्रभावित होती है बल्कि कम वजन वाले बच्चों के जन्म और आगे चलकर फेफड़ों के कमजोर होने की आशंका भी बढ़ जाती है।

हाल ही में, एक प्रतिष्ठित भारतीय आर्थिक सेवा अधिकारी ने दिल्ली में वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति और अपने छोटे बेटे के स्वास्थ्य को देखते हुए अपनी ग्रुप 'ए' सरकारी नौकरी से इस्तीफा दे दिया। बढ़ते प्रदूषण के संदर्भ में भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह अनुच्छेद केवल 'जीवन जीने' की बात नहीं करता, बल्कि एक गरिमापूर्ण और स्वस्थ जीवन की गारंटी देता है।सुप्रीम कोर्ट ने कई ऐतिहासिक फैसलों में स्पष्ट किया है कि 'जीवन का अधिकार' केवल जानवरों की तरह अस्तित्व में बने रहना नहीं है। बल्कि इसमें स्वच्छ हवा में सांस लेना, प्रदूषण मुक्त जल, स्वच्छ पर्यावरण में रहने जैसे अधिकार शामिल है। यदि प्रदूषण इतना बढ़ जाए कि वह स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाने लगे, तो यह सीधे तौर पर अनुच्छेद 21 का उल्लंघन माना जाता है। बढ़ते प्रदूषण को लेकर हाल ही में जंतर मंतर पर आइए सांस लें नामक एक विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें आइए सांस लें केवल एक राजनीतिक नारा नहीं था, बल्कि यह लोगों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता को भी दर्शा रहा था। लोग इस बात से नाराज हैं कि हर साल उन्हें इसी जानलेवा स्थिति का सामना क्यों करना पड़ता है, जबकि इस समस्या का समाधान हो सकता है। ये गुस्सा इस मांग पर केंद्रित है कि स्वच्छ हवा को स्वास्थ्य के अधिकार के रूप में देखा जाए।

दिल्ली का प्रदूषण अब एक मौसमी समस्या नहीं, बल्कि एक साल भर रहने वाला संकट बन रहा है जो सर्दियों में जानलेवा हो जाता है। हमें यह समझना होगा कि साफ हवा हमारा अधिकार ही नहीं, बल्कि जीवन की बुनियादी जरूरत है। यदि आज हमने कड़े कदम नहीं उठाए, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए दिल्ली रहने लायक शहर नहीं बचेगा। यह समय 'चिंता' करने का नहीं, बल्कि 'चिंतन' और 'कार्रवाई' का है। आज की जहरीली हवा, कल की गंभीर बीमारी है। 'मुस्कुराइये कि आप दिल्ली में हैं, पर जरा ध्यान रखिये, ये कोहरा नहीं, आपके फेफड़ों का इम्तिहान है।'

गाजा में ट्रंप के प्लान को अमेरिका की मंजूरी मुस्लिम देशों का रुख देख अमेरिका के सामने पीछे हटे चीन-रूस

गाजा शांति समझौते को लेकर अमेरिका अपनी पीठ थपथपाने में जुटा हुआ है। लेकिन इजराइल रुकने का नाम नहीं ले रहा है। वो रुक-रुक कर गाजा पर हमले करता जा रहा है। अक्टूबर महीने के आखिर में इजराइल के हमले में 100 से ज्यादा फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। दरअसल गाजा शांति समझौता उस संघर्ष को रोकने के लिए हुआ जिसमें 67, 000 से ज्यादा फिलिस्तीनियों की मौत हुई। 19 लाख लोग बेघर हो गए। इजराइली हमले में गाजा का 80इ हिस्सा तबाह हो गया। बात 7 अक्टूबर 2023 की सुबह की है। हमास लड़ाकों ने इजराइल के दक्षणिी क्षेत्र पर हमला कर दिया। हमास आतंकियों ने सुपरनोवा फेस्टिवल को निशाना बनाया जिसमें करीब 1200 इजराइलियों की मौत हो गई। जबकि 251 लोगों को बंधक बना लिया गया। उस हमले के बाद हमास को खत्म करने के मकसद से इजराइल ने आर-पार की लड़ाई शुरू की। आज आपको बता देते हैं कि क्या गाजा शांति प्रस्ताव से दशकों पुराना विवाद सुलझ जाएगा? यूएन से मिली हरी झंडी के बाद हमास को क्या ये कबूल होगा। संयुक्त राष्ट्र में आखिर वीटो वाले चीन और रूस ने क्यों वॉकआउट का रास्ता चुना।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने गाजा मुद्दे पर ट्रंप के प्रस्ताव को मंजूरी देकर मध्य पूर्व में एक और शांति को ना सिर्फ मजबूती दी बल्कि आम फिलिस्तीनियों को अब तक की सबसे बड़ी राहत पहुंचाई। प्रस्ताव को हरी झंडी मिलने के बाद अब गाजा में अंतरराष्ट्रीय बल भेजने का रास्ता साफ हो गया। जिसके बाद युद्ध से तबाह हुए इलाकों में शांति और मानवीय मदद को आगे बढ़ाया जाएगा। प्रस्ताव में ट्रंप के नेतृत्व वाले बोर्ड ऑफ फीस को गाजा की अंतरिम प्रशासनिक संस्था के रूप में मान्यता दी गई है। इसी में द्वि-राष्ट्र समाधान का संकेत भी मौजूद है जो आगे जाकर राजनैतिक समाधान के तहत फिलिस्तीन के लिए एक स्वतंत्र राष्ट्र का सपना पूरा करेगा। हालांकि इस पर कोई समय सीमा या फिर शर्तें निर्धारित नहीं की गई हैं।

ट्रंप ने सितंबर में 20 पॉइंट का अपना यह प्लान जारी किया था। इसमें गाजा को आतंकवाद मुक्त और स्थिर क्षेत्र के रूप में विकसित करने का टारगेट रखा गया था। गाजा के पुनर्निर्माण और शासन के लिए बोर्ड ऑफ पीस नाम की एक इंटरनैशनल संस्था बनाने का भी जिक्र है। इस प्रस्ताव में इंटरनैशनल सैनिकों की तैनाती, सीजफायर और शासन आदि के रोडमैप का जिक्र है। गाजा के लिए एक स्पेशल फोर्स इंटरनैशनल स्टैबलाइजेशन फोर्स के गठन की भी बात है।गाजा के शासन की कमान एक अंतरराष्ट्रीय निकाय बोर्ड ऑफ पीस (बीओपी) के हाथ में रहेगी। इस बोर्ड के डायरेक्टर खुद ट्रम्प होंगे। ट्रम्प का गाजा प्लान सिर्फ शांति नहीं, रियल एस्टेट का बड़ा मौका है। दामाद जेरेड कुश्नर ने 2024 में कहा था कि गाजा की समुद्री पट्टी 'बहुत कीमती हो सकती है। उनकी फर्म एफिनिटी पार्टनर्स को सऊदी अरब से 16, 800 करोड़ रु. मिले हैं। गाजा पुनर्निर्माण में प्राइवेट सेक्टर को 30 साल की टैक्स छूट और जमीन के अधिकार मिलेंगे। ट्रम्प खुद बोर्ड ऑफ पौस के चेयरमैन बनकर नियंत्रण रखेंगे। इवांका, डोनाल्ड जूनियर और एरिक के ट्रम्प ऑर्गेनाइजेशन के खाड़ी देशों में प्रोजेक्ट हैं। विशेषज्ञ इसे ट्रम्प परिवार का भारी कॉन्फ्लिक्ट ऑफ इंटरेस्ट बता रहे हैं।

गाजा पट्टी की चौड़ाई औसतन 8 से 10 किमी है उत्तर में यह 6 किमी जबकि दक्षिण में 12 किमी तक चौड़ी है। अमेरिकी योजना के मुताबिक गाजा को दो मुख्य हिस्सों ग्रीन जोन और रेड जोनमें बांटने का प्रस्ताव है। दोनों हिस्से लगभग 4-4 किमी के माने जा रहे हैं। इनके बीच करीब 1 किमी का बफर/येलो जोन होगा, जहां इंटरनेशनल स्टेबलाइजेशन फोर्स (आईएसएफ) की तैनाती होगी। ग्रीन जोन में निर्माण कार्य होगा जबकि 23 लाख से ज्यादा फिलिस्तीनी रेड जोन में रहने को मजबूर होंगे। गाजा में इंटरनेशनल स्टेबलाइजेशन फोर्स के 10 से 15 हजार सैनिक तैनात होंगे। इंडोनेशिया, अजरबैजान, पाकिस्तान, मिस्त्र व यूएई जैसे मुस्लिम देश सैनिक भेज सकते हैं।

हमास ने सुरक्षा परिषद के इस फैसले को खारिज कर दिया है। हमास ने कहा कि यह प्रस्ताव फिलिस्तीनियों के अधिकारों और मागो को पूरा करने में विफल और गाजा पर एक अतर्राष्ट्रीय न्यास थोपने का प्रयास करता है। हमास ने विशेष रूप से स्थिरीकरण बल को सशस्त्र समूहों को निष्क्रिय करने का निर्देश देने वाले प्रावधानो की तीखी आलोचना की। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार, हमास ने कहा-अतर्राष्ट्रीय फोर्सेस को गाजा पट्टी के अदर कार्य और भूमिकाएं सौपना, इसकी तटस्थता को समाप्त करता है।

यूरोपीय देश और अमेरिका के करीबी समझे जाने वाले अरब मुल्क अगर आगे भी इसी तरह सक्रिय रहें तो 'बोर्ड ऑफ पीस' और 'इंटरनेशनल स्टेबिलाइजेशन फोर्स', दोनों को इस्राइल की जेबी संस्था बनने से रोका जा सकता है। विश्व बैंक यूएन के मुताबिक गाजा की पुनर्विकास की अनुमानित लागत करीब 5.8 लाख करोड़ रुपए है। सऊदी अरब, यूएई, कतर, मित्र जैसे देश ट्रम्प प्लान को समर्थन दे रहे हैं, बदले में इजराइल से संबंध सामान्य करना और ईरान के खिलाफ मजबूत गठबंधन चाहते हैं। गाजा पुनर्निर्माण मं ये देश सैनिक भी भेजेंगे ताकि हमास पूरी तरह खत्म हो। सऊदी अरब इजराइल से नॉर्मलाइजेशन के लिए गाजा फंडिंग का इस्तेमाल कर रहा है। यूएई हमास को खतरा मानता है, कतर क्षेत्रीय प्रभाव बढ़ाना चाहता है। ये देश बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होकर गाजा शासन में हिस्सा लेंगे, लेकिन फिलिस्तीनी राज्य की स्पष्ट गारंटी मांग रहे हैं। हैं। प्राइवेट कंपनियों को 30 साल टैक्स छूट, लैंड राइट्स और ट्रेड हब का लाभ मिलेगा।

सबसे दिलचस्प भूमिका पाकिस्तान की रही। जो मुस्लिम देश होने के चलते आमतौर पर फिलीस्तीन के पक्ष में खड़ा रहने का दावा करता है लेकिन पाक ने अमेरिकी प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया और अब गाजा में तैनात होने वाली इंटरनेशनल स्टेबिलाइजेशन फोर्स के लिए सैनिक भेजने पर भी सहमत हो गया है। अनुमान है कि पाकिस्तान 1, 500 से 2, 000 सैनिक तक भेज सकता है। प्रस्ताव पास होते ही ट्रम्प ने इसे 'गाजा में शांति की नई शुरुआत' बताया और पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए कहा कि जो देश आगे आएंगे, वे भविष्य के बोर्ड ऑफ पीस में महत्वपूर्ण भागीदार होंगे।

ट्रंप के उस 20 सूत्रीय योजना को शामिल कर लिया गया जिस पर कभी रूस और चीन ने विरोध जताया था। लेकिन अरब सहित कई मुस्लिम देशों के रुख को देखकर दोनों देशों ने प्रस्ताव पर वीटो करने से परहेज किया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में गाजा में शांति, सुरक्षा और पुनर्निर्माण को लेकर जब महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखा गया तो मुस्लिम देशों के रुख को देखते हुए चीन और रूस ने अमेरिका के सामने अपने कदम पीछे खींच लिए। जिसके बाद 15 सदस्य देशों में से ब्रिटेन, फ्रांस, सोमालिया सहित 13 देशों की मदद से प्रस्ताव पास हो गया। हालांकि भविष्य में फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र देश का दर्जा देने की संभावना को लेकर इजराइल विफरा हुआ है। इसके बाद पश्चिम एशिया में शांति को लेकर एक ऐतिहासिक प्रस्ताव पास हो गया। इसके बाद ना सिर्फ हमास के हथियार छीनने का रास्ता साफ हो गया है बल्कि एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी देश बनाने के मुद्दे को भी मजबूती मिली है। गौर करने वाली बात है कि रूस और चीन यूएनएससी के स्थायी समिति सदस्य हैं, उनके विरोध से प्रस्ताव वीटो हो जाता। हालांकि रूस और चीन ने इस प्रस्ताव के पक्ष या विपक्ष में वोट भले न डाले हों, लेकिन उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इंटरनेशनल स्टेबिलाइजेशन फोर्स इजरायल या नैटो की सैन्य शक्ति जैसा नहीं, संयुक्त राष्ट्र की पीस कीपिंग फोर्स जैसा ही व्यवहार करे। अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के लिए बुरा समय चल रहा है, लेकिन उनके मानकों से दूर जाना विस्फोटक स्थितियों को जन्म दे सकता है।

सरदार पटेल के सम्मान में बनाया गया स्टैचू ऑफ यूनिटी देश की एकता का संदेश दे रहा

हमें विकसित भारत के निर्माण के लिए एकता कदम बढ़ाना है : सिद्धार्थ नाथ सिंह

शहर पश्चिमी विधानसभा में यूनिटी मार्च पदयात्रा निकाली गई

मंत्र भारत संवाददाता

प्रयागराज। भारत के प्रथम गृहमंत्री एवं भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वीं जयंती के अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं शहर पश्चिमी के विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह के नेतृत्व में शहर पश्चिमी विधानसभा के क्षेत्र में युनिटी आफ मार्च (एकता पद यात्रा) कर्बला चौराहा से धूमधाम से निकाली गई पद यात्रा में स्कूली बच्चे , एन सी सी और स्काउट के बच्चे और सामाजिक कार्यकर्ता व्यापारी और भाजपा कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लेकर एकता पद यात्रा में प्रतिभाग कर राष्ट्रभक्ति गीतों पर झूमते हुए और भारत माता कि जय का उद्घोष करते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश दिया।

इस अवसर पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने सरदार वल्लभभाई पटेल को याद करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने अपने बुद्धि कौशल और दूरदर्शी नेतृत्व के बल पर देश के आजादी के बाद 565 रियासतों को जोड़कर एक भारत श्रेष्ठ भारत अखंड भारत का निर्माण किया उन्होंने आगे कहा कि जिस प्रकार सरदार पटेल ने एक भारत श्रेष्ठ भारत का निर्माण या अब उसी प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकसित भारत निर्माण के लिए एकता का कदम बढ़ाना होगा और आगे कहा कि देश के आजादी के बाद जो सम्मान सरदार पटेल को मिलना चाहिए था कांग्रेस पार्टी ने नहीं दिया और सिर्फ अपने परिवारवाद को ही आगे बढ़ाया उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व की सबसे बड़ी स्टैचू ऑफ यूनिटी सरदार पटेल की याद

में गुजरात केवड़िया में बनाकर उनका सम्मान बढ़ाया जो आज राष्ट्र की एकता को संदेश दे रहा है।

इस अवसर सांसद प्रवीण पटेल भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन राष्ट्र की एकता के प्रति समर्पित रहा उनका योगदान राष्ट्र कभी नहीं भूल सकता इसलिए हम सब एक होकर जात-पात के बंधन से मुक्त होकर राष्ट्र की एकता के लिए कार्य करें। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि यूनिटी ऑफ मार्च का शुभारंभ कर्बला चौराहे से शुभारंभ किया गया जो राजरूपपुर होते हुए दिग्गज स्कूल राजरुप पुर में संपन्न हुई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अपूर्वा चंद्रा ने पदयात्रा में शामिल हुए सभी लोगों का स्वागत किया। इस अवसर पर रमेश पासी, राजेश केसरवानी, अपूर्वा चंद्रा, शिखा रस्तोगी, गौरव गुप्ता, राम शुक्ला, रोचक दरबारी , गुलाब सिंह पटेल , आभा सिंह, मिथिलेश सिंह, अखिलेश सिंह , शिव भारती , रोमा भारती , दीपक कुशवाहा, आशीष वर्मा, ज्ञान बाबू केसरवानी , संजय कुशवाहा दिवाकर केसरवानी, नितिन चौरसिया , धीरज कुशवाहा , अजय हेला, अनिल चौराहा , अनिल चौहान, अचल सोनकर, अनिल मौर्य , श्रवण पाल, दीपमाला, आरती राय, राजेश गोंड आदि सैकड़ो की संख्या में भाजपाई शामिल हुए।

बीआरसी जसरा में मीना मंच एवं पावर एंजिल सशक्तिकरण कार्यशाला संपन्न

मंत्र भारत संवाददाता

प्रयागराज। ब्लॉक संसाधन केंद्र जसरा घूरपुर प्रयागराज में स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत मीना मंच तथा पावर एंजिल सशक्तिकरण की दो दिवसीय कार्यशाला जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।नेतृत्व क्षमता तथा जीवन कौशल शिक्षा विकसित करने तथा सेल्फ एस्टीम के क्रियान्वयन हेतु राज्य परियोजना विभाग समग्र शिक्षा के तत्वावधान में राज्य स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त संदर्भदाता रमेंद्र कुमार सक्सेना तथा आभा रानी श्रीवास्तव ने सुगमकर्ताओं को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया।इस प्रशिक्षण में कुल 46 सुगमकर्ताओं ने प्रतिभाग किया।

प्रशिक्षण के शुभारंभ के अवसर राज्य परियोजना विभाग समग्र शिक्षा प्रयागराज से यूनीसेफ से मोहम्मद कमर ने ऑनलाइन उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी जसरा अखिलेश वर्मा ने सभी प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया।खण्ड शिक्षा अधिकारी ने सुगमकर्ताओं के द्वारा जीवन कौशल एवं मॉड्यूल प्रगति के पंख, यूनिसेफ द्वारा निर्मित आधा फुल कॉमिक्स बुक के माध्यम से जेंडर स्टीरियोटाइप को तोड़ने के लिए सुगमकर्ताओं के प्रस्तुतीकरण की सराहना की।संदर्भदाता रमेंद्र कुमार सक्सेना एवं आभा रानी ने सभी सत्रों को समयानुसार संपन्न किया इस दौरान वीरांगना ऐप, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, अरमान मॉड्यूल, पॉक्सो एक्ट आदि के बारे में भी प्रशिक्षण देते हुए प्रत्येक शनिवार को मीना मंच कैलेंडर एवं आदेशों निर्देशों के अनुरूप इस कार्यक्रम के संचालन की जानकारी भी दी गई।जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) संतोष कुमार तिवारी ने सपोर्टिव सुपरविजन प्रदान किया।प्रशिक्षण के दूसरे दिन सभी सुगमकर्ताओं से फीडबैक लिया एवम् प्रमाणपत्र वितरित करके कार्यक्रम का समापन किया।इस कार्यशाला में मीना मंच की नोडल रिचा मिश्रा, नाज़िया सुल्ताना, नम्रता निषाद, बुशरा खाऩम, मयूरी खन्ना, निशा त्रिपाठी, किरन श्रीवास्तव, अंजू वाजपेई, अर्चना मालवीय, ललिता गौतम, ममता गुप्ता, कंचन सिंह, सहबा रहमान, रचना मौर्य, शालिनी जायसवाल, वर्षा शर्मा, सुनीता भारतीय आदि शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यशाला में एआरपी अरविंद सैनी व पंकज कुमार साहू ने सहयोग प्रदान किया।

भर्ती का हर दरवाजा घोटाले के द्वार पर बंद : संजय सिंह

मंत्र भारत संवाददाता

प्रयागराज। अयोध्या से शुरू हुई आम आदमी पार्टी की 'रोजगार दो-सामाजिक न्याय दो' पदयात्रा शुक्रवार को दसवें दिन प्रयागराज पहुंची। यात्रा की अगुवाई कर रहे आप सांसद संजय सिंह ने मऊआइमा के चौपाई बाग में रात में डेरा डाला। इस दौरान आम नागरिकों से मिलकर उनकी समस्या को सुना। सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश के नौजवानों को बेरोजगारी के ऐसे अंधेरे में धकेल दिया है, जहां लाखों युवा डिग्री लेकर भी हताश हैं क्योंकि भर्ती का हर दरवाज़ा या तो घोटालों से बंद है या पेपर लीक की आग में जल चुका है।

सरकार की नीतिगत विफलताओं ने युवाओं को लगातार परीक्षाओं और पेपर लीक के नाम पर हो रही ठगी के भंवर में धकेल दिया है। एक तरफ 2018 से उत्तर प्रदेश में कोई शिक्षक भर्ती नहीं हुई, तो दूसरी ओर सिपाही, लेखपाल, दरोगा, पीसीएस जे से लेकर हाईस्कूल और इंटर तक के पेपर लीक हो रहे हैं, जिससे युवा हताश होकर आत्महत्या तक करने को मजबूर हैं। आप सांसद ने महंगी बिजली और व्यापरियों की समस्याओं को उठाया। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के संविधान से चलता है और आगे भी चलेगा, किसी बाबा के फरमान से नहीं चलेगा। यात्रा शनिवार को सोरांव शिवगढ़ पहुंचेगी। 24 नवंबर को गंगा पूजन और पत्थर गिरजाघर पर सभा के साथ समापन होगा।

पूर्वी यूपी में पहली बार आईएफओ डिवाइस क्लोज़र से क्रॉनिक माइग्रेन का सफल इलाज

15 वर्षों से पीड़ित 50 वर्षीय महिला को मिली बड़ी राहत

मंत्र भारत संवाददाता

प्रयागराज। पूर्वी उत्तर प्रदेश के चिकित्सा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है। यहां 50 वर्षीय महिला के हृदय में मौजूद 5 मिमी के पीएफओ को डिवाइस क्लोज़र तकनीक के माध्यम से सफलतापूर्वक बंद कर दिया गया। महिला पिछले 15 वर्षों से गंभीर क्रॉनिक माइग्रेन से पीड़ित थी और लगातार इलाज के बावजूद उसे कोई राहत नहीं मिल पा रही थी। यह प्रक्रिया पूर्वी यूपी में अपने प्रकार की पहली सफल प्रक्रिया मानी जा रही है।

इस जटिल प्रक्रिया (ऑपरेशन) को कार्डियोलॉविभाग की विशेषज्ञ टीम – डॉ. वैभव श्रीवास्तव, डॉ. विमल निषाद एवं डॉ. ऋषिका पटेल – ने सफलता पूर्वक अंजाम दिया। प्रक्रिया के दौरान कार्डियक तकनीशियन रामनिवास और जयप्रकाश ने भी महत्वपूर्ण तकनीकी सहयोग प्रदान किया।

प्रक्रिया के बाद जानकारी देते हुए डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि पीएफओ सामान्यतः हर चार में से एक व्यक्ति में पाया जाता है, लेकिन इसका माइग्रेन से संबंध बहुत ही कम मामलों में देखने को मिलता है। जब हृदय के दाएं हिस्से का रक्त इस छोटे छिद्र के माध्यम से बाएं हिस्से में पहुंचता है, तो कुछ मरीजों में असहनीय माइग्रेन की समस्या उत्पन्न हो सकती है। ऐसे चयनित मामलों में डिवाइस क्लोज़र एक प्रभावी उपचार विकल्प साबित होता है।

वहीं डॉ. विमल निषाद ने बताया कि कुछ उच्च जोखिम वाले पीएफओ मामलों में स्ट्रोक की संभावना भी बनी रहती है, इसलिए समय रहते जांच और उपचार

बेहद जरूरी है। विभागाध्यक्ष डॉ. पीयूष सक्सेना ने इसे क्रॉनिक माइग्रेन से पीड़ित मरीजों के लिए एक नवीन और आशाजनक उपचार विधि बताते हुए कहा कि इससे उन मरीजों को राहत मिल सकेगी जो लंबे समय से दवाइयों पर निर्भर रहने के बावजूद आराम नहीं पा रहे थे। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ वी.के.पांडेय के अनुसार यह उपलब्धि पूर्वी उत्तर प्रदेश में आधुनिक चिकित्सा के क्षेत्र में एक नया अध्याय जोड़ती है और भविष्य में गंभीर माइग्रेन व पीएफओ से पीड़ित मरीजों के लिए नई उम्मीद का मार्ग प्रशस्त करेगी।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा हमारी पहली प्राथमिकता : जीएम

मंत्र भारत संवाददाता

प्रयागराज। माघ मेला 2026 को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के लिए उत्तर मध्य रेलवे ने तैयारियां तेज कर दी हैं। महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने शुक्रवार को सूबेदारगंज, प्रयागराज छिवकी और नैनी स्टेशनों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मेला शुरू होने से पहले सभी स्टेशन पर संबंधी कार्य 100 प्रतिशत पूरे होने चाहिए। जीएम ने कहा कि माघ मेला में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को सुगम, सुरक्षित और भरोसेमंद यात्रा अनुभव मिलना ही रेलवे का प्रमुख लक्ष्य है। सूबेदारगंज स्टेशन पर प्लेटफार्म, शेड, रोशनी, पेयजल और टिकट काउंटर की स्थिति देख सुधार के निर्देश दिए।

छिवकी में प्रवेश-निकास मार्ग, भीड़ नियंत्रण और फुट ओवर ब्रिज की तैयारी पर विशेष फोकस किया। वहीं नैनी स्टेशन पर सफाई व्यवस्था की सराहना करते हुए यात्री सुविधाओं से जुड़े निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने को कहा। इस दौरान आईजी आरपीएफ रेणु पुष्कर छुब्बर, डीआरएम, एडीआरएम समेत अन्य अफसर मौजूद रहे।

बूथ स्तर से कार्यकर्ताओं को जोड़ेगा राष्ट्रीय लोकदल

प्रयागराज। राष्ट्रीय लोकदल प्रयाग क्षेत्र संगठन की ओर से शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी के निरीक्षण भवन में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी ने कहा कि लोकदल का सदस्यता अभियान 31 अक्तूबर को समाप्त हो गया तथा राष्ट्रीय अधिवेशन में 16 नवंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का चुनाव भी हो गया। त्यागी ने संगठन को जिला, विधानसभा क्षेत्र व बूथ स्तर पर महिलाओं और नौजवानों जोड़ने का निर्देश दिया। बैठक में राम सजीवन पटेल, हंसराज यादव, अरुण सिंह, इमरान हैदर रिजवी, रामनारायण सिंह, अशोक कुमार सिंह, अशोक कुमार बिंदु, आदि लोग उपस्थित रहे।

विश्व सनातन महापीठ-युगधर्म की पुनर्स्थापना का पवित्र स्तम्भ, शिला पूजन समारोह में संतों का महाकुम्भ

विश्व सनातन महापीठ, युगधर्म की पुनर्स्थापना का विराट संकल्प : स्वामी चिदानन्द सरस्वती

मंत्र भारत संवाददाता

प्रयागराज/ऋषिकेश। भारतभूमि ने सदैव मानवता को प्रकाश, प्रेम और परमार्थ की राह दिखाई है। इसी पावन धरा पर आज एक ऐसा प्रकल्प आकार ले रहा है, जो केवल स्थापत्य का भव्य रूप नहीं, बल्कि युगांतकारी चेतना का दैवी उदय है, विश्व सनातन महापीठ। तीर्थ सेवा न्यास, हरिद्वार द्वारा प्रारम्भ किए गए इस दिव्य प्रकल्प का भूमि पूजन आज अद्भुत आध्यात्मिक गरिमा और अलौकिक ऊर्जा के साथ सम्पन्न हुआ। इस अत्यंत शुभ अवसर पर परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष, स्वामी चिदानन्द सरस्वती का पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ। उनके प्रेरक उद्बोधन और मंगल आशीर्वाद ने इस संकल्प को और भी ऊर्जावान बना दिया।

इस महापीठ का ध्येय वाक्य 'एक विश्व, एक धर्म, एक ध्वज, एक ग्रन्थ, एक विधान' सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि उस वैश्विक आध्यात्मिक एकता का उद्घोष है जिसके सूत्रधार भारतर्षि और हमारे महान ऋषि, परम्परा रही समर्पण प्रतिष्ठित है। उनकी वर्षों की साधना और अविरत सेवा का परिणाम है कि आज यह महास्वप्न रूप लेना आरम्भ कर चुका है।

है। यह प्रकल्प इस विश्वास का भी उद्घोष है कि सनातन केवल परंपरा नहीं, बल्कि विश्व का सनातन सूर्य है, जो हर युग में दिशा देते आ रहा है।

इस भव्य संकल्प में बाबा हठयोगी महाराज, तीर्थाचार्य राम विशाल दास और महंत ओमदास का असाधारण तप, एकाग्रता और

इस अवसर पर परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी, अखाड़ा परिषद् के अध्यक्ष, महंत रविन्द्र पुरी जी, जगद्गुरू ब्रह्मर्षि कुमारस्वामी जी, स्वामी ब्रह्मेशान्द आचार्य, पायलट बाबा आश्रम, स्वामी रामविशाल दास जी, योगमाता केको अइकावा जी, परमाध्यक्ष, गौरी गोपाल आश्रम, वृंदावन, डा अनिरूद्धाचार्य जी, परमाध्यक्ष, देवकीनन्दन ठाकुर जी, पुण्डरीक जी, शिवाकान्त, स्वामी सच्चिदानन्द जी, परमाध्यक्ष, भारतीय हिन्दू शुद्धि सभा, करौली सरकार महादेव जी, गोस्वामी सुशील जी, अश्वनी उपाध्याय जी, वरिष्ठ अधिवक्ता, सर्वोच्च न्यायालय, वरिष्ठ अधिवक्ता विश्व शंकर जैन जी, आचार्य सुमेधा जी, परमाध्यक्ष, कन्या गुरूकुल चोटीपुरा, विष्णु शंकर जैन जी, अधिवक्ता, सर्वोच्च न्यायालय, महामंडलेश्वर श्रद्धा माता जी, पायलट बाबा आश्रम, म म चेतना माता जी, पायलट बाबा आश्रम एवं अनेकोनेक पूज्य संत, वैष्णव संतों का पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ।निवेदक डा गौतम खट्टर, उपाध्याय जी, ए के सोलंकी जी, उपाध्याय, शिशिर चैधरी जी, राजेश कुमार जी, अमरीश त्यागी जी, कोषाध्यक्ष और अन्य विभूतियों का मार्गदर्शन व संरक्षण प्राप्त हुआ।

सरकार साथ है, मछुआ समाज के योजनाओं का लाभ : डॉ. संजय निषाद

मंत्र भारत संवाददाता

प्रयागराज। मछुआ समाज के लिए प्रदेश की योगी सरकार तमाम काम कर रही है। योजनाएं बहुत सारी हैं और समाज को आवेदन कर इन योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। यह बातें प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने विश्व मत्स्य दिवस पर शुक्रवार को संगम नोज पर कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने बताया कि विश्व मत्स्य दिवस देश में वर्ष 1990 से शुरू हुआ। लेकिन इस सरकार के आने के बाद समाज के लोगों की दिशा व दशा में व्यापक बदलाव हुआ। केंद्र में मोदी सरकार और प्रदेश में योगी सरकार के आने के बाद मछुआ समाज की जीवन शैली बदली है।

आज नदी से आजीविका के साधन बढ़े हैं। इस दौरान मंत्री की मौजूदगी में 15 हजार मछली के बच्चों को गंगा में छोड़ा गया। यह कार्यक्रम पहले हो चुका था। यहां पर विश्व मत्स्य दिवस पर प्रतीकात्मक रूप से इसे कराया गया। इस दौरान केंद्रीय मत्स्य अनुसंधान संस्थान से भी विशेषज्ञों की टीम आई थी। इस दौरान उप निदेशक मत्स्य पालन विभाग विजय पाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य विभाग विजय प्रकश शुक्ल, संध्या आदि की उपस्थिति रही।

ज़ी टीवी के कलाकारों ने वर्ल्ड टेलीविजन डे पर ताजा की टीवी की विरासत और उसके बदलाव की खास कहानी

मंत्र भारत संवाददाता

प्रयागराज। टेलीविजन हमेशा से हमारी जिंदगी का शांत लेकिन स्थिर हिस्सा रहा है। कभी पूरा परिवार एक ही स्क्रीन के सामने बैठकर शो देखता था और आज की पीढ़ी कई स्क्रीन पर कभी भी, कहीं भी कंटेंट देख लेती है। समय के साथ टीवी बदला है, इसने खुद को नए ढंग से पेश किया है, लेकिन देश में कहानी सुनाने का यह सबसे मजबूत माध्यम अब भी अपनी जगह पर कायम है। डिजिटल प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया के दौर में भी टेलीविजन की अपनी चमक बनी हुई है। यही माध्यम हमें हमारी पहली यादों से जोड़ता है, यादगार किरदारों से मिलवाता है और एक साथ मिलकर देखने की आदत बनाता है जो 'कम्युनिटी' शब्द के चलन से बहुत पहले घरों में थी।

जगद्धात्री' में माया देशमुख का किरदार निभा रहीं सायंतनी घोष ने कहा, 'वर्ल्ड टेलीविजन डे मुझे उस शानदार सफर की याद दिलाता है जो टीवी ने मुझे दिया है। साधारण शुरुआत से लेकर आज जगद्धात्री में मजबूत प्रदर्शन तक, टीवी ने मुझे कलाकार और इंसान दोनों रूपों में ढाला है। टीवी की सबसे खास बात यह है कि यह हर दिन लाखों घरों तक पहुंचता है। यह जानकारी देता है, मनोरंजन करता है, सुकून देता है और लोगों की जिंदगी का हिस्सा बन जाता है। हम जो भी किरदार निभाते हैं, उनमें यह क्षमता होती है कि वे दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दें, खुशी दे दें या हिम्मत दे दें। एक कलाकार के लिए इससे बड़ी खुशी कुछ नहीं कि उसका काम किसी के दिल तक पहुंच जाए। टेलीविजन सिर्फ एक माध्यम नहीं बल्कि एक साथी, एक कहानीकार और समाज का आइना है।



निलंबन के विरोध में दूसरे दिन भी धरने पर डटे छात्र

मंत्र भारत संवाददाता

प्रयागराज। दिशा छात्र संगठन से जुड़े विद्यार्थियों के निलंबन के विरोध में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रों ने शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन लाइब्रेरी गेट पर प्रदर्शन किया। सुबह साढ़े दस बजे से शाम तक प्रदर्शन के कारण आवाजाही भी बाधित रही। इस दौरान निलंबन वापसी पर अड़े प्रदर्शनकारियों और प्राक्टोरियल बोर्ड के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। निलंबित छात्र संजय ने कहा कि प्रॉक्टर राकेश सिंह और अतुल नारायण ने झूठ बोला है कि वह विश्वविद्यालय के छात्र नहीं है। संजय ने 28 अक्तूबर को फीस जमा करने की बात कहते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन से झूठ बोलने के लिए मांफी मांगने को कहा है। निलंबित छात्रा सौम्या ने भी विश्वविद्यालय प्रशासन पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। प्रदर्शन में अनुराग, आशुतोष, सुधीर, चन्द्रप्रकाश आदि उपस्थित रहे। उधर चीफ प्रॉक्टर प्रो. राकेश सिंह का कहना है कि छात्रों को कोई शिकायत है तो लिखित रूप में दे, उसका जवाब दिया जाएगा।

एनबीए एसीऔर बीएफआई ने स्केचर्स के सहयोग से बास्केटबॉल कार्यक्रम शुरू किया

मंत्र भारत संवाददाता

प्रयागराज। नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन (एनबीए), फार्मास्युटिकल्स समाधानों में ग्लोबल लीडर, एसीऔर देश में बास्केटबॉल की गवर्निंग बॉडी, बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने आज एसीजूनियर एनबीए का 2025-26 संस्करण शुरू किया। यह एक 3वी3 टूर्नामेंट है, जो पूरे देश के स्कूलों में यू -14 बॉयज़ और गर्ल्स टीमों के बीच आयोजित होता है। इस बार यह टूर्नामेंट भारत के 10 शहरों में आयोजित हो रहा है, इसलिए यह देश में अब तक का सबसे बड़ा प्रोग्राम है। इस प्रोग्राम के लिए ऑफिशियल किट पार्टनर, ग्लोबल परफॉर्मेंस एवं लाईफस्टाईल फुटवियर एवं अपरेल ब्रांड, स्केचर्स है, जो इसमें भाग लेने वाली टीमों को हाई-क्वालिटी गियर प्रदान करेगा। 2025-26 एसीजूनियर एनबीए 3वी3 नेशनल टूर्नामेंट का प्रयागराज लेग 19 जनवरी 2026 से शुरू होगा, जो लुधियाना, चेन्नई, उदयपुर, नई दिल्ली, गुवाहाटी, बेंगलुरु, मुंबई, कोच्चि और इंदौर में संपन्न होने के बाद आयोजित किया जाएगा । हर ज़ोन के राज्यों से स्कूलों की बॉयज़ और गर्ल्स टीमें इस लिंक पर विज़िट करके अपने शहर के टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करा सकती हैं। हर ज़ोन से बॉयज़ और गर्ल्स की सर्वोच्च दो टीमों और हर ज़ोन से बॉयज़ और गर्ल्स डिवीज़न, दोनों की एक ऑल-स्टार टीम का चयन अगले साल की शुरुआत में होने वाले एसीजूनियर एनबीए 3वी3 नेशनल फाइनल्स टूर्नामेंट के लिए होगा। अन्य आयोजनों की तारीखों और फाईनल्स के स्थान व तारीखों की घोषणा समय-समय पर की जाती रहेगी।

कांग्रेस ने राज ठाकरे के साथ गठबंधन करने से किया इनकार, कहा- कानून तोड़ने वालों के साथ नहीं

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

मुंबई। महाराष्ट्र की राजनीति में चल रही हलचल के बीच कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि वह आगामी बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के साथ गठबंधन नहीं करेगी। पार्टी ने कहा कि वह उन संगठनों के साथ हाथ नहीं मिलाएगी जो कानून हाथ में लेते हैं या लोगों को डराते हैं। कांग्रेस के इस रुख के बाद विपक्षी खेमे में नई राजनीतिक दूरी और सियासी समीकरणों पर चर्चा तेज हो गई है।

मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं से चर्चा के बाद यह फैसला लिया है कि वह बीएमसी चुनाव अकेले लड़ेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की लंबे समय से शरद पवार की अगुआई वाले एनसीपी (एसपी) के साथ साझेदारी रही है, लेकिन कानून तोड़ने वालों से गठबंधन नहीं होगा। उनका यह बयान सीधे तौर पर राज ठाकरे की पार्टी मनसे की ओर इशारा माना गया। कांग्रेस के रुख के बाद शिवसेना (यूबीटी) ने पार्टी को जल्दबाजी न करने और विपक्षी एकता बनाए रखने की सलाह दी थी।

हम स्वतंत्र, किसी पर निर्भर नहीं- मनसे नेता

कांग्रेस के इनकार के जवाब में मनसे नेता संदीप देशपांडे ने कहा कि उनकी पार्टी किसी के दबाव में नहीं है और न ही महाविकास अघाड़ी का हिस्सा है। उन्होंने साफ कहा कि राज ठाकरे जो फैसला लेते हैं वही पार्टी का रुख होता है और कांग्रेस के बयान से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। देशपांडे के अनुसार, मनसे अपनी राजनीतिक रणनीति खुद तय करती है और उनकी पार्टी को किसी की मंजूरी की जरूरत नहीं।

उत्तर भारतीय और मुस्लिम वोट बैंक को लेकर सतर्कता

कांग्रेस के भीतर एक बड़ा वर्ग मनसे के साथ किसी भी तरह के गठबंधन के खिलाफ है। पार्टी के नेताओं को आशंका है कि यदि वे मनसे के साथ मंच साझा करते हैं, तो मुंबई में उनका उत्तर भारतीय और मुस्लिम वोट बैंक प्रभावित हो सकता है। इसी कारण कांग्रेस ने सार्वजनिक रूप से गठबंधन की संभावनाओं को नकारते हुए कहा कि वह ऐसे दलों को अपने साथ नहीं रख सकती जो वर्षों से कानून को ताक पर रखकर राजनीति करते रहे हैं।

सवालों से बचती दिखीं वर्षा गायकवाड़

जब वर्षा गायकवाड़ से पूछा गया कि क्या शरद पवार कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और मनसे को साथ लाने की कोशिश कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि पवार का सभी दलों में सम्मान है, लेकिन कांग्रेस ने ऐसे किसी गठबंधन पर चर्चा नहीं की है। उन्होंने कहा कि काल्पनिक सवालों का कोई अर्थ नहीं। गायकवाड़ ने सुप्रिया सुले के उस बयान पर भी सीधे प्रतिक्रिया देने से बचा, जिसमें उन्होंने सभी विपक्षी दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की बात कही थी।

टोरेंट पावर और एमएसईडीसीएल का विशेष ग्राहक सेवा शिविर

SMK और भिवंडी में 25-26 नवंबर को मिलेगा उपभोक्ताओं को समाधान

भिवंडी (संवाददाता)

मंत्र न्यूज

भिवंडी। टोरेंट पावर लिमिटेड, जो भिवंडी तथा शिल-मुम्ब्रा-कलवा (SMK) क्षेत्र में महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) के फ्रेंचाइज़ी के रूप में कार्यरत है, उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए दो दिवसीय विशेष ग्राहक सेवा शिविर आयोजित करने जा रहा है। कंपनी का कहना है कि उसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को आसान, त्वरित और प्रभावी सेवा उपलब्ध कराना है।

शिविर का आयोजन 25 और 26 नवंबर 2025 को किया जाएगा।

25 नवंबर को शिविर शिल-मुम्ब्रा-कलवा (SMK) क्षेत्र में टोरेंट कस्टमर केयर सेंटर, अरिहंत आरोही बिल्डिंग, कल्याण-शिल रोड पर लगेगा।

वहीं 26 नवंबर को शिविर भिवंडी में टोरेंट कस्टमर केयर सेंटर, अर्श रेजिडेंसी, चाविंद्रा रोड, आमपाड़ा में आयोजित होगा।

दोनों शिविरों का समय सुबह 10:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक रहेगा।

टोरेंट पावर के जनसंपर्क अधिकारी चेतन विदयानी ने बताया कि शिविर में कंपनी के अधिकारी एवं एमएसईडीसीएल के अधिकारी संयुक्त रूप से उपस्थित रहेंगे, जिससे उपभोक्ता अपनी किसी भी लंबित शिकायत, बिलिंग समस्या, कनेक्शन, वोल्टेज, मीटरिंग सहित अन्य मुद्दों का समाधान एक ही स्थान पर करा सकेंगे।

साथ ही एमएसईडीसीएल से जुड़े मामलों की भी सुनवाई और निपटारा शिविर में ही किया जाएगा। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस विशेष सेवा शिविर का लाभ उठाएँ और अपनी लंबित समस्याओं का समाधान समय पर कराएँ। अधिक जानकारी के लिए उपभोक्ता टोरेंट पावर हेल्पलाइन से संपर्क कर सकते हैं।

शादी का झांसा देकर बांग्लादेशी महिलाओं ने व्यापारी से ठगे 1.08 लाख रुपये, तीन पर केस दर्ज

भिवंडी (संवाददाता)

मंत्र न्यूज

भिवंडी। शांतिनगर पुलिस थाना क्षेत्र में शादी का प्रलोभन देकर एक व्यापारी से 1.08 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में दो बांग्लादेशी महिलाओं और एक पुरुष के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सभी आरोपी फरार हैं। पुलिस इसे संगठित अंतरराज्यीय ठगी का मामला मानकर जांच कर रही है।

शिकायतकर्ता, जो टेमघर गांव, भिवंडी के निवासी हैं, ने बताया कि उनके मोबाइल पर एक महिला का फोन आया था। महिला ने स्वयं को अविवाहित बताकर शादी की इच्छा जताई और विश्वास जीतकर बातचीत बढ़ाई। कुछ दिनों बाद उसने और उसके साथियों ने पीड़ित को यह कहकर रुपये भेजने के लिए राजी कर लिया कि शादी की प्रक्रिया और आवश्यक कागजात तैयार कराने में खर्च आएगा। पीड़ित ने भरोसा कर कई ऑनलाइन ट्रांजैक्शनों के माध्यम से कुल 1,08,700 रुपये भेज दिए। इसके बाद जब आरोपी संपर्क से गायब हो गए, तो उन्हें ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शांतिनगर पुलिस ने गु.रजि. क्र. 1276/2025 के तहत बीएनएस अधिनियम की धारा 318(4) और 3(5) में रिया सरकार (36), अरबिना दिद्दी (48) निवासी ढोलपुर, जिला बालुघाट (पश्चिम बंगाल) और रुस्तम कमलेश मंडल निवासी भिवंडी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दोनों महिलाएं कथित तौर पर बांग्लादेश मूल की हैं। यह घटना 27 सितंबर 2025 की दोपहर में हुई थी। पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने शादी का लालच देकर सुनियोजित तरीके से व्यापारी को अपने जाल में फंसाया और रकम हड़प ली। मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक उत्तम ओमासे कर रहे हैं।

शिक्षक पति पर कार चोरी का आरोप, पत्नी ने दर्ज कराई शिकायत

पति फरार, पुलिस कर रही तलाश

भिवंडी (संवाददाता)

मंत्र न्यूज

भिवंडी। शहर के टेमघर क्षेत्र में एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है, जहां पत्नी ने अपने ही पति पर कार चोरी का गंभीर आरोप लगाया है। शांतिनगर पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत के अनुसार, आरोपी पति घटना के बाद से फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 50 वर्षीय शिकायतकर्ता सौ. ऊषा सोपान कदम, निवासी सिद्धिविनायक रेजिडेंसी, टेमघर, भिवंडी ने बताया कि उनकी टाटा कंपनी की मूल्यवान कार TIGOR CNG TWN XT 1.2 (वाहन नंबर MH-04 MU 3116) को उनके पति सोपान आनंदराव कदम जो पेशे से शिक्षक हैं, ने उनकी अनुमति बिना चुरा लिया। शिकायत में कहा गया है कि घटनाक्रम 19 नवंबर की रात 9 बजे के आसपास शुरू हुआ और 20 नवंबर की सुबह 8 बजे के बीच पति ने कार को पार्किंग से निकालकर अपने कब्जे में ले लिया। पीड़िता के अनुसार वाहन लॉक किया गया था, लेकिन आरोपी ने गाड़ी का ताला खोलकर उसे गायब कर दिया। पीड़िता द्वारा दर्ज शिकायत के बाद शांतिनगर पुलिस ने मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी घटना के बाद से फरार है और उसके संभावित ठिकानों पर खोजबीन जारी है। कार की कीमत लगभग 5.50 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने वाहन के लोकेशन ट्रैकिंग और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की तलाश तेज कर दी है. स्थानीय निवासियों में इस घटना को लेकर चर्चा तेज है, क्योंकि यह मामला पति-पत्नी के विवाद से आगे बढ़कर सीधी चोरी की श्रेणी में दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच प्राथमिकता के आधार पर जारी है और आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

सोसाइटी परिसर में तीन कुत्तों की मौत से हड़कप?

सोसायटी के दो चेयरमैन पर जहर देने का मामला दर्ज

भिवंडी। भिवंडी के शांतिनगर क्षेत्र में तीन आवारा कुत्तों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत और एक के गंभीर हालत में मिलने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर सोसायटी के दो चेयरमैन के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक घटना 20 नवंबर की रात ऑनरेट राइस कॉलीस्टो सोसायटी, साईबाबा मंदिर के पास हुई। शिकायतकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता अनुपमा जयंतिलाल जैन (30) ने शांतिनगर पुलिस को बताया कि सोसायटी परिसर में रहने वाले तीन आवारा कुत्ते–ब्राऊनी, सिंगार और चिकू–मृत पाए गए, जबकि एक अन्य कुत्ता जुजु गंभीर अवस्था में मिला। अनुपमा जैन ने अपनी शिकायत में सोसायटी के दो चेयरमैन–सवित्राबेन अनुगाडुल और रमेश पर आरोप लगाया है कि दोनों कुत्तों को लेकर अकसर आपत्ति जताते थे और उन्हें किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कराकर नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई। शांतिनगर पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 325 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11(1)(C) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस उपनिरीक्षक गोरे इस मामले की जांच कर रहे हैं। मृत कुत्तों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जबकि घायल कुत्ते का इलाज जारी है। पुलिस का कहना है कि घटना की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

तलाक का दबाव बनाकर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी पति समेत चार पर मामला दर्ज

भिवंडी। शांतिनगर पुलिस स्टेशन में एक 30 वर्षीय महिला ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, धमकी और अश्लील वीडियो वायरल करने जैसी गंभीर हरकतों के आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि पति तलाक के लिए दबाव बना रहा था और बात न मानने पर उसके निजी फोटो और वीडियो प्रसारित करने की धमकी देता था। शिकायत के अनुसार , पीडिता भिवंडी की रहने वाली है। उसने बताया कि पति कलाम हुसैन मोहम्मद सैय्यद, उसकी सास, ससुर और ननद उसे मायके से सोने-चांदी के जेवर और नकदी लाने के लिए मजबूर करते थे। विरोध करने पर उसके साथ मानसिक और आर्थिक प्रताड़ना की जाती थी। पीड़िता ने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश के मउआईम प्रयागराज जिले के रजवापुर गांव में रहने के दौरान पति ने बेडरूम में उसकी वीडियो रिकॉर्डिंग कर ली थी। पीड़िता का कहना है कि पति इन निजी वीडियो और फोटो को दिखाकर तलाक के लिए दबाव डालता था। तीन अक्टूबर 2025 को आरोपी पति ने पीड़िता के अश्लील फोटो और वीडियो अपने व्हॉट्सऐप स्टेटस पर भी अपलोड कर दिए, यही नहीं उसने विडियो एक रिश्तेदार के मोबाइल पर भेज दिया। जिससे वह बुरी तरह दहशत में आ गई। शांतिनगर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति कलाम हुसैन मोहम्मद सैय्यद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओ के अलावा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 और 67ए के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार जांच जारी है और आरोपी पति की तलाश की जा रही है।

बेलापुर और पनवेल के बीच विभिन्न इंजीनियरिंग कार्य हेतु शनिवार मध्यरात्रि से रविवार दोपहर तक विशेष ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

मध्य रेल, पनवेल स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 2 (डाउन हार्बर लाइन) के मुंबई एंड पर टर्नआउट को हटाने, शिफ्ट करने/स्लीविंग करने और लगाने के लिए 22.11.2025 (शनिवार) को 23.45 बजे से 23.11.2025 (रविवार) को 11.45 बजे तक बेलापुर और पनवेल के बीच अप और डाउन लाइनों पर विशेष ट्रैफिक और पावर ब्लॉक परिचालित करेगा।

ब्लॉक अवधि के दौरान उपनगरीय ट्रेनों का परिचालनः

ब्लॉक अवधि के दौरान बेलापुर और पनवेल स्टेशनों के बीच उपनगरीय सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी हार्बर लाइन पर अप और डाउन उपनगरीय सेवाएं बेलापुर / नेरुल / वाशी स्टेशनों पर शॉर्ट टर्मिनेट / ओरिजिनेट होंगी।ङ ङट्रांस-हार्बर लाइन पर अप और डाउन सेवाएं ठाणे और नेरुल / वाशी स्टेशनों के बीच चलेंगी।

ट्रांस-हार्बर लाइन पर अप और डाउन सेवाएं ठाणे और नेरुल / वाशी स्टेशनों के बीच चलेंगी

उपनगरीय ट्रेनों का कैंसलेशन / शॉर्ट टर्मिनेशन / ओरिजिनेशन निम्नानुसार होगा :

हार्बर लाइन

दिनांक 23.11.2025 की ये डाउन लोकल सेवाएं कैंसल रहेंगी।

पनवेल के लिए डाउन लोकल जो सीएसएमटी से 05.18 बजे, 07.26 बजे, 08.54 बजे, 10.10 बजे और 11.26 बजे प्रस्थान करती है ।

बेलापुर के लिए डाउन लोकल सेवाएं जो सीएसएमटी से 08.20 बजे, 08.58 बजे और वडाला रोड से 11.30 बजे प्रस्थान करती है । दिनांक 23.11.2025 की ये अप लोकल सेवाएं रद्द (कैंसिल) रहेंगी

वाशी से 04.25 बजे निकलने वाली अप लोकल, बेलापुर से 06.22 बजे, 07.50 बजे, 08.06 बजे और 10.16 बजे निकलने वाली अप लोकल

पनवेल से 06.57 बजे, 08.45 बजे और 10.21 बजे निकलने वाली अप लोकल डाउन उपनगरीय ट्रेनों का शॉर्ट टर्मिनेशन दिनांक 22.11.2025 को 22.50 बजे सीएसएमटी से निकलने वाली पनवेल के लिए डाउन लोकल बेलापुर में शॉर्ट टर्मिनेट होगी।

अप उपनगरीय ट्रेनों का शॉर्ट ओरिजिनेशन

पनवेल से 09.28 बजे और 11.28 बजे निकलने वाली अप लोकल वाशी से शॉर्ट ओरिजिनेशन होगी

पनवेल से 11.52 बजे निकलने वाली अप लोकल बेलापुर से शॉर्ट ओरिजिनेशन होगी

ट्रांस-हार्बर लाइन

दिनांक 22.11.2025 को निम्न डाउन लोकल सेवाएं रद्द (कैंसिल) रहेंगी

ठाणे से 22.55 बजे निकलने वाली पनवेल की डाउन लोकल

दिनांक 23.11.2025 को निम्न डाउन लोकल सेवाएं रद्द (कैंसिल) रहेंगी

ठाणे से 08.41 बजे और 10.01 बजे निकलने वाली पनवेल की डाउन लोकल।

ठाणे से 09.04 बजे और 11.42 बजे निकलने वाली नेरुल की डाउन लोकल।

वाशी के लिए ठाणे से 10.20 बजे निकलने वाली डाउन लोकल

दिनांक 23.11.2025 को निम्न अप लोकल सेवाएं रद्द (कैंसिल) रहेंगी

वाशी से 10.58 बजे निकलने वाली अप लोकल,।

नेरुल से 09.42 बजे निकलने वाली अप लोकल।

पनवेल से 07.43 बजे, 08.04 बजे, 09.01 बजे, 10.41 बजे और 11.02 बजे निकलने वाली अप लोकल।

निम्नलिखित उपनगरीय ट्रेनों का शॉर्ट टर्मिनेशन।पनवेल के लिए ठाणे से दिनांक 22.11.2025 को 23.32 बजे और दिनांक 23.11.2025 को 00.05 बजे निकलने वाली डाउन लोकल बेलापुर में शॉर्ट टर्मिनेट होंगी।

दिनांक 23.11.2025 को 12.00 बजे ठाणे से निकलने वाली डाउन लोकल नेरुल से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी।

आखिरी (लास्ट) लोकल - डाउन

ब्लॉक से पहले डाउन हार्बर लाइन पर पनवेल के लिए आखिरी लोकल सीएसएमटी -पनवेल लोकल होगी जो सीएसएमटी से दिनांक 23.11.2025 को 00.40 बजे निकलेगी।

ब्लॉक से पहले डाउन ट्रांस-हार्बर लाइन पर पनवेल के लिए आखिरी ट्रेन ठाणे-पनवेल लोकल होगी जो ठाणे से 22.11.2025 को 23.14 बजे निकलेगी।

ब्लॉक से पहले 3४ ट्रांस-हार्बर लाइन पर बेलापुर के लिए आखिरी लोकल ठाणे-बेलापुर लोकल होगी जो ठाणे से दिनांक 23.11.2025 को 00.05 बजे निकलेगी।

आखिरी (लास्ट) लोकल - अप

ब्लॉक से पहले अप हार्बर लाइन पर सीएसएमटी के लिए आखिरी ट्रेन पनवेल- सीएसएमटी लोकल होगी, जो गलोलक 23.11.2025 को 04.49 बजे पनवेल से निकलेगी।

ब्लॉक से पहले अप ट्रांस-हार्बर लाइन पर ठाणे के लिए आखिरी लोकल पनवेल-ठाणे लोकल होगी, जो दिनांक 22.11.2025 को 23.18 बजे पनवेल से निकलेगी।

पहली लोकल - डाउन

ब्लॉक के बाद डाउन हार्बर लाइन पर पनवेल के लिए पहली ट्रेन सीएसएमटी -पनवेल लोकल होगी, जो दिनांक 23.11.2025 को 10.52 बजे सीएसएमटी से निकलेगी।

ब्लॉक के बाद डाउन ट्रांस-हार्बर लाइन पर पनवेल के लिए पहली ट्रेन ठाणे-पनवेल लोकल होगी, जो दिनांक 23.11.2025 को 12.49 बजे ठाणे से निकलेगी। ब्लॉक के बाद डाउन ट्रांस-हार्बर लाइन पर नेरुल से पनवेल के लिए पहली ट्रेन दिनांक 23.11.2025 को 12.29 बजे नेरुल से निकलेगी।

पहली लोकल - अप

ब्लॉक के बाद अप हार्बर लाइन पर वडाला रोड के लिए पहली लोकल पनवेल-वडाला रोड लोकल होगी जो दिनांक 23.11.2025 को 12.03 बजे पनवेल से निकलेगी।

ब्लॉक के बाद अप हार्बर लाइन पर सीएसएमटी के लिए पहली ट्रेन पनवेल-सीएसएमटी लोकल होगी जो दिनांक 23.11.2025 को 12.07 बजे पनवेल से निकलेगी।

ब्लॉक के बाद अप ट्रांस-हार्बर लाइन पर ठाणे के लिए पहली लोकल पनवेल-ठाणे लोकल होगी जो दिनांक 23.11.2025 को 12.19 बजे पनवेल से निकलेगी। ये ब्लॉक बुनियादी ढांचे के रखरखाव और संरक्षा के लिए आवश्यक हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे इससे होने वाली असुविध के लिए रेलवे प्रशासन को सहयोग करें।

भिवंडी में झपटमारों का आतंक

गल्ली-मोहल्लों में बुजुर्ग महिलाएं असुरक्षित

भिवंडी। भिवंडी शहर में झपटमारी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और इसका सीधा असर गल्ली-मोहल्लों की बुजुर्ग महिलाओं की सुरक्षा पर दिखाई दे रहा है। पद्मानगर क्षेत्र में हुई ताज़ा वारदात से स्थानीय नागरिकों में दहशत का माहौल बन गया है।

पुलिस के मुताबिक पद्मानगर में रहने वाली 60 वर्षीय आगंव्या सत्तय्या मिट्ट्यपेल्ली सुबह लगभग 11 बजे अपने घर की ओर लौट रही थीं। इसी दौरान एक अज्ञात युवक पास की गली से निकलकर आया और उनकी गर्दन से 30 ग्राम वजनी सोने की चैन झपटकर भाग निकला। चैन की कीमत लगभग 90 हजार रुपये आंकी गई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी युवक की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष के बीच थी। वह रंगीन फूलों की शर्ट और काली पैंट पहने हुए था। चैन छीनने के बाद वह तेजी से गली में घुसकर फरार हो गया।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि मोहल्लों के भीतर झपटमारों की सक्रियता बढ़ गई है, जिससे आम लोगों में भय का वातावरण तैयार हो रहा है। बुजुर्ग महिलाओं के साथ हो रही ऐसी घटनाओं ने समुदाय की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ा दी है।सड़क किनारों पर लगाए गए कई सीसीटीवी कैमरे तकनीकी रूप से निष्क्रिय पाए जा रहे हैं। कैमरों की धुंधली फुटेज और खराब स्थिति के कारण अपराधियों की पहचान करना मुश्किल हो रहा है, जिससे अपराधियों के हौसले और बढ़ गए हैं। भिवंडी शहर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटनास्थल के आसपास के कैमरों की फुटेज की जांच में जुटी है। पुलिस टीम गली-मोहल्लों में गश्त भी बढ़ा रही है, ताकि झपटमारी की वारदातों पर लगाम लग सके।भिवंडी के नागरिकों का कहना है कि सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलना जरूरी है, ताकि रोजमर्रा का जीवन निर्भय वातावरण में चल सके।

'कैदियों की समय से पहले रिहाई सिर्फ सरकार तय करेगी, अदालत नहीं', मद्रास हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

चेन्नई। मद्रास हाईकोर्ट ने कारावास की सजा काट रहे कैदियों की समयपूर्व रिहाई और अंतरिम जमानत को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने स्पष्ट कर दिया कि सजायाफ्ता कैदी की समयपूर्व रिहाई पर फैसला लेना सिर्फ सरकार का अधिकार है और इसे कोर्ट में अधिकार के रूप में नहीं मांगा जा सकता। अदालत ने कहा कि सजा सुनाए जाने के बाद आरोपी कोर्ट की कस्टडी में नहीं रहता, इसलिए कोर्ट से जमानत या अंतरिम जमानत की मांग करना न्यायिक प्रक्रिया के अनुरूप नहीं है।

न्यायमूर्ति एन सतीश कुमार और न्यायमूर्ति एम ज्योति रामन की खंडपीठ ने यह टिप्पणी 19 नवंबर को जुबैथा बेगम और अन्य 12 याचिकाकर्ताओं की याचिकाओं को खारिज करते हुए की। इन याचिकाओं में कैदियों को अंतरिम जमानत देने की मांग की गई थी, जबकि उनकी समयपूर्व रिहाई की अर्जी अभी सरकार के पास लंबित थी। कोर्ट ने साफ कहा कि चूंकि सजा सुनाए जाने के बाद कैदी जेल विभाग की कस्टडी में होता है, इसलिए कोर्ट उसके लिए अंतरिम जमानत के आदेश जारी नहीं कर सकता।

सजा के बाद कोर्ट की कस्टडी खत्म- हाईकोर्ट

अदालत ने कहा कि जब आरोपी को सजा सुना दी जाती है, तो कोर्ट की कस्टडी खत्म हो जाती है और वह सरकार या जेल प्राधिकरण के अधीन हो जाता है। इसलिए समयपूर्व रिहाई का मुद्दा भी सरकार के पास ही विचार के लिए जाता है। अदालत ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत हाईकोर्ट अंतरिम जमानत नहीं दे सकता, क्योंकि इस स्थिति में कोर्ट के पास ऐसा करने का कानूनी अधिकार नहीं होता। कैदियों को केवल तमिलनाडु सस्पेंशन ऑफ सेंटेस रूल्स के तहत 'सजा निलंबन' का विकल्प मिलता है।

याचिकाकर्ताओं की मांग पर सख्त टिप्पणी

अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर सभी याचिकाएं इस आधार पर टिक नहीं सकतीं कि सरकार में लंबित प्रकरण के चलते कैदियों को अंतरिम राहत मिलनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि सरकार को कई कारकों को ध्यान में रखते हुए समयपूर्व रिहाई पर फैसला करना होता है। इसलिए इसे अधिकार मानकर कोर्ट में मांग करना गलत है। अदालत ने साफ किया कि अंतरिम जमानत, जब सजा पूरी सुनाई जा चुकी हो, कोर्ट द्वारा नहीं दी जा सकती।

जरूरतमंद मामलों में सरकार खुद फैसला करे- हाईकोर्ट

खंडपीठ ने यसु मामले का हवाला देते हुए कहा कि सस्पेंशन ऑफ सेंटेस रूल्स के नियम 40 के तहत सरकार के पास यह विवेकाधिकार है कि वह किसी भी कैदी को अस्थायी रिहाई का लाभ दे सकती है। कोर्ट ने कहा कि सरकार को ऐसे मामलों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए और जरूरतमंद कैदी को राहत देनी चाहिए, ताकि अनावश्यक रूप से अदालतों में अंतरिम जमानत की याचिकाएं दाखिल न हों।

ये याचिकाएं अब कोर्ट में स्वीकार नहीं होंगी

अदालत ने स्पष्ट किया कि जब कैदी की समयपूर्व रिहाई की अर्जी सरकार के पास लंबित हो, तब हाईकोर्ट में अंतरिम जमानत, अंतरिम छुट्टी या उसकी अवधि बढ़ाने संबंधी याचिकाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। इस फैसले के साथ अदालत ने भविष्य में ऐसी सभी याचिकाओं के लिए रास्ता बंद कर दिया। कोर्ट का मानना है कि यह अधिकार पूरी तरह सरकार के पास है और न्यायपालिका इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकती।

दूसरे टेस्ट से गिल की गैरमौजूदगी पर बोले रोड्स, भारत के पास कई विकल्प

नई दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर जोंटी रोड्स का मानना है कि भारत को शनिवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में शुभमन गिल की कमी खलेगी लेकिन मेजबान टीम के पास नियमित कप्तान की कमी पूरी करने के लिए कई मजबूत विकल्प मौजूद है।

गिल को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शनिवार से गुवाहाटी में शुरू हो रहे दूसरे मैच से पहले शुक्रवार को टीम से रिलीज कर दिया गया था। वह कोलकाता में पहले टेस्ट की पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए गर्दन में ऐंठन से पूरी तरह उबर नहीं पाए थे। रोड्स ने शुक्रवार को यहां 'फिक्की टर्फ 2025' 15वें वैश्विक खेल शिखर सम्मेलन के मौके पर कहा, 'कभी-कभी भारत की ताकत भी उसके लिए मुश्किलें खड़ी करती है। उनके पास कई बेहतरीन क्रिकेट खिलाड़ी हैं। ऐसे में टीम में किसे शामिल किया जाए और किसे बाहर रखा जाए, यह तय करना बहुत मुश्किल होता है।'

उन्होंने कहा, 'यह एक बड़ी समस्या है और यह साफ दिखाई देता है। जब भी किसी एक खिलाड़ी की जगह लेने की बात आती है तो भारत के पास ढेरों विकल्प होते हैं। यह इस बात पर निर्भर करता है कि किस खिलाड़ी को मौका मिलता है।' इस 56 साल के पूर्व खिलाड़ी ने कहा कि गिल की जगह जिसे भी मौका मिले उसे अपनी काबिलियत तुरंत साबित करनी होगी क्योंकि भारतीय टीम में जगह के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा है। उन्होंने कहा, 'टीम में आने वाले खिलाड़ी के सामने बड़ा सवाल यही होगा कि क्या वे इस मौके का फायदा उठाने के लिए पूरी तरह से तैयार है क्योंकि भारत की इस मजबूत प्रणाली के साथ बड़ा मुद्दा यही है कि आपको शायद एक ही मौका मिले।'



अपने समय के सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक रहे रोड्स ने कहा, 'आप अगले टेस्ट में गिल को बाहर नहीं बिठा सकते तो ऐसे में उनकी जगह लेने वाले खिलाड़ी को सिर्फ एक टेस्ट में खेलने का मौका मिलेगा और यह मानसिक रूप से काफी चुनौतीपूर्ण होता है। ऐसे में वे जिस खिलाड़ी का भी चयन करेंगे, उसके कौशल में कोई कमी नहीं होगी।' उन्होंने कहा, 'भारत के लिए ऐसे में एकादश का चयन करना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। रोड्स ने हाल ही में पहली बार वनडे विश्व कप जीतने के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम को भी बधाई दी। उन्होंने कहा, 'उम्मीद है, वे (भारतीय प्रशंसक) महिलाओं के मैचों में भी दिलचस्पी दिखाना शुरू कर देंगे। भारत में महिला क्रिकेट आसमान छूने वाला है। मैं महिला टीम के लिए भी ऐसा ही समर्थन देखना चाहता हूं।'

एशेज देखकर हुई जलन, द. अफ्रीकी कप्तान बावुमा ने कहा- हम भारत के खिलाफ बड़ी सीरीज डिजर्व करते हैं

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच चल रही दो-टेस्ट की छोटी सीरीज ने प्रोटियाज कप्तान टेम्बा बावुमा की नाराजगी को खुलकर उजागर कर दिया है। ऊण चैंपियन बनने के बावजूद साउथ अफ्रीका को भारत जैसे दिग्गज के खिलाफ सिर्फ दो टेस्ट खेलने पड़ रहे हैं, जबकि दूसरी तरफ इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमें एशेज़ में पाँच मैचों की लंबी भिड़ंत का आनंद ले रही हैं। बावुमा का मानना है कि दो सबसे मजबूत रेड-बॉल टीमों के बीच इतनी छोटी सीरीज़ न तो खिलाड़ियों के साथ न्याय है, न फैंस के साथ। यह मुद्दा फिर से क्रिकेट शेड्यूलिंग और कमर्शियल प्राथमिकताओं पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

गुवाहाटी में मीडिया से बातचीत के दौरान बावुमा ने बताया कि उन्होंने सुबह ऑस्ट्रेलिया में चल रहा एशेज़ टेस्ट देखा और इस दौरान 'थोड़ी जलन' महसूस की। उन्होंने कहा, 'आज सुबह उठकर एशेज देखा। पाँच टेस्ट खेलते देख थोड़ा जलन हुई। वे एक-दूसरे पर हावी होंगे, और हमें सिर्फ दो मैच मिले हैं।' यह बयान साफ दिखाता है कि कप्तान इस छोटी सीरीज से खुश नहीं हैं, खासकर तब जब उनकी टीम मौजूदा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन है।

बावुमा ने उम्मीद जताई कि निकट भविष्य में साउथ अफ्रीका को भारत के खिलाफ चार या 5 टेस्ट की सीरीज मिलेगी। उन्होंने कहा, 'उम्मीद है कि जल्द ही हम इंडिया के खिलाफ चार टेस्ट खेलने के लिए लौटेंगे।' बावुमा के अनुसार, मजबूत टीमों के बीच लंबी सीरीज ही फैन्स को असली रोमांच देती है और खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने का मौका भी।

प्रोटियाज कप्तान ने स्पष्ट किया कि टेस्ट सीरीज़ के मैचों की संख्या खिलाड़ी तय नहीं करते। यह पूरा मामला बोर्ड्स की कमर्शियल प्राथमिकताओं पर निर्भर करता है। एशेज, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (भारत-ऑस्ट्रेलिया), एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी (भारत-इंग्लैंड) इन सीरीज को 5 टेस्ट इसलिए मिलते हैं क्योंकि वे आर्थिक दृष्टि से सबसे 'लाभकारी' मानी जाती हैं। इसके विपरीत भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, वेस्ट इंडीज या बांग्लादेश अधिकतर सीरीज केवल दो टेस्ट की होती हैं।

बावुमा ने तर्क दिया कि दो मैचों की सीरीज में अक्सर परिणाम अधूरा रह जाता है, ड्रॉ सीरीज होने के चांस बढ़ते हैं और एक टीम को जीतने का वास्तविक मौका कम मिलता है। उन्होंने कहा, 'चाहे सीरीज 1-1 रहे, 2-0 या 0-2, तीन टेस्ट की सीरीज हमेशा बेहतर होती है। एक टीम हावी होती है, दूसरी वापसी करती है—फैंस को असली टेस्ट क्रिकेट मिलता है।' बावुमा ने कहा कि साउथ अफ्रीका अपनी नाराज़गी दर्शा सकता है, लेकिन असली बदलाव तभी आएगा जब वे मैदान पर शीर्ष टीमों को लगातार चुनौती देंगे। उन्होंने कहा, 'हम बस अच्छा क्रिकेट खेल सकते हैं। यही दूसरे देशों को हमारे साथ ज्यादा टेस्ट खेलने के लिए आकर्षित करेगा।'

तेल विपणन कंपनियों का परिचालन लाभ चालू वित्त वर्ष में 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ने का अनुमान-रिपोर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) तेजी से वापसी के लिए तैयार हैं और चालू वित्त वर्ष 2025-26 में उनका परिचालन लाभ 50 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 18 से 20 डॉलर प्रति बैरल होने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने शुक्रवार को कहा कि स्थिर खुदरा ईंधन कीमतों और कच्चे तेल की अनुकूल गतिशीलता के बीच मजबूत विपणन मार्जिन से यह लाभ बढ़ेगा। तेल विपणन कंपनियां रिफाइनिंग (सकल रिफाइनिंग मार्जिन या जीआरएम) और पेट्रोल, डीजल व अन्य ईंधनों के विपणन से आय अर्जित करती हैं।

क्रिसिल रेटिंग्स ने बयान में कहा, "चालू वित्त वर्ष में विपणन मार्जिन में सुधार, जीवाश्म ईंधन की वैश्विक मांग में धीमी वृद्धि के कारण रिफाइनिंग मार्जिन में आई कमी की भरपाई से कहीं अधिक होगा क्योंकि दुनिया स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों की ओर बढ़ रही है।" बेहतर लाभ से नकदी संचय बढ़कर 75, 000-80, 000 करोड़ रुपए हो जाएगा जबकि पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में यह करीब 55, 000 करोड़ रुपए था। मजबूत नकदी प्रवाह इस क्षेत्र के नियोजित 90, 000 करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय को सहारा देगा जो मुख्यतः पुरानी परियोजनाओं के विस्तार और घरेलू मांग-संचालित परियोजनाओं पर केंद्रित है।

कच्चे तेल की कीमतें घटकर 65-67 डॉलर प्रति बैरल रहने की उम्मीद है जिससे सकल राजस्व (जीआरएम) चार से छह डॉलर प्रति बैरल पर सीमित रहेगा। इसके विपरीत विपणन मुनाफा बढ़कर करीब 14 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल (लगभग आठ रुपए प्रति लीटर) हो जाने का अनुमान है जिससे समग्र परिचालन मार्जिन में वृद्धि होगी। पिछले पांच वित्त वर्ष में भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं ने तेल की कीमतों को प्रभावित किया है जबकि खुदरा ईंधन की कीमतें सीमित दायरे में रही हैं। क्रिसिल रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक अनुज सेठी ने कहा, "चालू वित्त वर्ष में कच्चे तेल की कीमतें अस्थिर होने के बावजूद 65-67 डॉलर प्रति बैरल तक नरम पड़ने की संभावना है। वैश्विक मांग में नरमी और ऊर्जा बदलाव के रुझान से 'रिफाइनिंग स्प्रेड' पर दबाव के कारण जीआरएम के चार से छह डॉलर प्रति बैरल पर बने रहने की संभावना है।

लक्ष्य सेन ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 के सेमीफाइनल में पहुंचे, आयुष शेट्टी को हराया

सिडनी (एजेंसी)। विश्व चैंम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने शुक्रवार को यहां हमवतन भारतीय खिलाड़ी आयुष शेट्टी को सीधे गेम में हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जगह पक्की की। सातवीं वरीयता प्राप्त सेन ने 53 मिनट तक चले मुकाबले में 23-21, 21-11 से जीत हासिल कर अंतिम चार में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन से होगा, जो इस प्रतियोगिता में दूसरी वरीयता प्राप्त हैं। विश्व में नौवें स्थान पर काबिज और 2018 एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता चोउ ने एक घंटे 23 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में फरहान अल्वी को 13-21, 23-21, 21-16 से हराया। अल्वी ने पिछले दौर में भारत के एचएस प्रणय को हराया था। सेन ने इस वर्ष के शुरू में हांगकांग ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी 20 वर्षीय शेट्टी को हराया था। अल्मोड़ा का रहने वाला यह 26 वर्षीय खिलाड़ी इस साल अभी तक कोई खिताब नहीं जीत पाया है। सेन को शुरुआती गेम में शेट्टी को हराने में कठिनाई हुई। वह एक समय 6-9 से पीछे थे, लेकिन उन्होंने 9-10 से पिछड़ने के बाद लगातार चार अंक जीते और 13-10 से बढ़त हासिल कर ली। अमेरिकी ओपन सुपर 300 चैंपियन शेट्टी ने उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में कई बार बढ़त हासिल की, लेकिन आखिर में सेन ने 21-21 से बराबरी कर ली और फिर पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरा गेम एकतरफा रहा, जिसमें सेन ने शुरुआत में 6-1 की बढ़त बना ली, जो कुछ ही देर में 15-7 हो गई और शेट्टी की चुनौती कमजोर पड़ गई। प्रणय और किदाम्बी श्रीकांत के गुरुवार को बाहर हो जाने के बाद सेन पुरुष एकल में अब एकमात्र भारतीय बचे हैं। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष युगल जोड़ी क्वार्टर फाइनल में फजर अल्फियन और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से भिड़ेगी।

61 आईपीओ ने जुटाए 90, 000 करोड़ लेकिन रिटर्न ने किया निराश

नई दिल्ली (एजेंसी)। अगर आप आने वाले समय में आईपीओ के जरिए शेयर बाजार में निवेश करने की योजना बना रहे हैं, तो हाल के आंकड़े आपको ज्यादा सतर्क कर सकते हैं। पिछले 90 दिनों में कुल 61 आईपीओ लॉन्च हुए, जिनके माध्यम से कंपनियों ने 90, 000 करोड़ रुपए से अधिक की बड़ी रकम जुटाई है। हालांकि कंपनियों ने पूंजी जुटाने में सफलता हासिल की लेकिन निवेशकों को मिलने वाला रिटर्न काफी मिला-जुला रहा।

ट्रेंडलाइन की रिपोर्ट के अनुसार, 61 में से 44 आईपीओ ने लिस्टिंग के समय 10इ से कम रिटर्न दिया, जबकि 19 आईपीओ ने या तो कोई फायदा नहीं पहुंचाया या सीधे नुकसान कराया। यह स्थिति 2021-22 के मुकाबले बिल्कुल अलग है, जब नए आईपीओ लिस्टिंग के दिन ही निवेशकों के लिए भारी मुनाफा लेकर आते थे। इसके अलावा अब लगभग आधे आईपीओ अपने इश्यू प्राइस से नीचे कारोबार कर रहे हैं जबकि इन पर निवेशकों खासकर रिटेल निवेशकों का भारी समर्थन देखने को मिला था।

अगस्त से नवंबर के बीच कंपनियों ने आईपीओ के जरिए 1.03 लाख करोड़ रुपए जुटाए। इस अवधि में टाटा कैपिटल, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया, लेंसकार्ट, ग्रो और टेनेको क्लीन एयर जैसी बड़ी कंपनियों के साथ-साथ टेक प्लेटफॉर्म, वित्तीय सेवाओं, इंजीनियरिंग, रिन्यूएबल एनर्जी, केमिकल और कंज्यूमर ब्रांड्स के आईपीओ शामिल रहे। लिस्टिंग के बाद इन कंपनियों का प्रदर्शन एक जैसा नहीं रहा। इश्यू प्राइस से अब तक का औसत रिटर्न लगभग 11इ रहा है, जो पिछले वर्षों की तुलना में काफी कम है। 61 में से 26 कंपनियां अपने इश्यू प्राइस से नीचे हैं, जबकि 35 आईपीओ अभी भी लाभ में बने हुए हैं।

सबसे चिंताजनक पहलू यह रहा कि जिन आईपीओ में रिटेल निवेशकों ने सबसे ज्यादा दिलचस्पी दिखाई थी, वे ही सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वालों में शामिल हो गए। उदाहरण के तौर पर, डेव एक्सेलेरेटर को रिटेल द्वारा 164 गुना से ज्यादा सब्सक्राइब किया गया था लेकिन यह अब अपने इश्यू प्राइस से करीब 30इ नीचे ट्रेड कर रहा है। इसी तरह वीएमएस टीएमटी, जिसे 47 गुना बोली मिली थी, 37इ टूट चुका है। सोलरवर्ल्ड एनर्जी सॉल्यूशंस और रेगल रिसोर्सेज भी भारी सब्सक्रिप्शन के बावजूद गिरावट में हैं। हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे आईपीओ भी, बड़ी बोली के बाद, निवेशकों को नुकसान ही दे रहे हैं।

भारतीय स्टार स्मृति मंधाना ने पलाश मुच्छल से की सगाई, पीएम मोदी ने शादी की तारीख का किया खुलासा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की चमकती सितारा और वर्ल्ड कप विजेता ओपनर स्मृति मंधाना ने अंततः अपने प्रशंसकों के बीच लंबे समय से चल रही अफवाहों पर विराम लगाते हुए संगीतकार पलाश मुच्छल से अपनी सगाई की आधिकारिक घोषणा कर दी है। एक खूबसूरती से कोरियोग्राफ किए गए इंस्टाग्राम वीडियो के ज़रिए की गई इस घोषणा ने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी। इस रील में उनकी टीममेट्स भी उनके साथ नज़र आईं। वीडियो में भले ही शादी की तारीख नहीं बताई गई थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कपल को शुभकामनाएं देते हुए बड़ी जानकारी साझा कर दी जिसमें शादी की आधिकारिक तारीख शामिल है।

स्मृति मंधाना ने गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक आकर्षक और मनोरंजक रील पोस्ट की, जिसने कुछ ही घंटों में लाखों व्यूज़ बटोर लिए। इस वीडियो में उनके साथ जेमिमा रोड्रिग्स, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव और अरुंधति रेड्डी नज़र आईं, जिनके साथ उन्होंने फ़िल्म लगे रहो मुन्ना भाई के गाने 'समझो हो ही गया' पर एक सिंक्रनाइज़ कोरियोग्राफ रूटीन प्रस्तुत किया। वीडियो की अंतिम झलक में मंधाना कैमरे की ओर हाथ बढ़ाती हैं, जहाँ उनकी सगाई की अंगूठी साफ दिखाई देती है। इस एक फ्रेम ने फैंस के बीच खुशी की लहर दौड़ा दी और लंबे समय से चल रही अफवाहों को पुष्टि की मुहर दे दी।

हालांकि दोनों के रिश्ते को लेकर कयास पहले से लगाए जा रहे थे, लेकिन पिछले महीने इंदौर में एक कार्यक्रम के दौरान पलाश मुच्छल ने हल्का-फुल्का संकेत भी दिया था। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने मज़ाकिया अंदाज़ में कहा था कि स्मृति 'बहुत जल्द इंदौर की बहू' बनेंगी। हालांकि उस समय यह बयान सिर्फ संभावना के रूप में लिया गया, लेकिन अब इंस्टाग्राम रील ने इन अटकलों को हकीकत में बदल दिया है।

वीडियो पोस्ट के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्मृति और पलाश को दिल से शुभकामनाएं भेजीं। उन्होंने अपने संदेश में दोनों की प्रतिभा की सराहना की और मजेदार अंदाज में कहा कि मैदान पर मंधाना का कवर ड्राइव और संगीत में मुच्छल की सिम्फनी मिलकर एक शानदार जीवन-भागीदारी रचेंगे। अपने संदेश में इ्श मोदी ने कपल की शादी की तारीख भी सार्वजनिक कर दी जो 23 नवंबर 2025 को होगी। यह खुलासा फैंस के लिए सबसे बड़ा सरप्राइज़ साबित हुआ, क्योंकि वीडियो में इस तारीख का कोई उल्लेख नहीं था।

खाद्यान्न उत्पादन 2024-25 में 8 प्रतिशत बढ़कर 35.77 करोड़ टन पर : सरकारी आंकड़ा

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में खाद्यान्न उत्पादन फसल वर्ष 2024-25 में आठ प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 35.77 करोड़ टन हो गया। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) में खाद्यान्न उत्पादन 33.23 करोड़ टन रहा था। फसल वर्ष 2024-25 के लिए खाद्यान्न उत्पादन के अंतिम अनुमान जारी करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन किसानों के प्रयासों और उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और खरीद सहित सरकारी नीतियों का नतीजा है।

अंतिम अनुमान के अनुसार, 2024-25 में गेहूं का उत्पादन रिकॉर्ड 11.79 करोड़ टन रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 11.33 करोड़ टन था। चावल का उत्पादन 2024-25 में बढ़कर रिकॉर्ड 15.02 करोड़ टन हो गया। एक साल पहले 2023-24 में यह 13.78 करोड़ टन था। मोटे अनाज का उत्पादन भी 5.69 करोड़ टन से बढ़कर 6.39 करोड़ टन हो गया। दालों का उत्पादन बढ़कर 2.57 करोड़ टन हो गया जो 2023-24 में 2.42 करोड़ टन था। गैर-खाद्यान्न श्रेणी में, तिलहनों का उत्पादन 3.97 करोड़ टन से बढ़कर 4.30 करोड़ टन हो गया।

नकदी फसलों में, गन्ने का उत्पादन 45.46 करोड़ टन रहा जो एक साल पहले 2023-24 में 45.31 करोड़ टन था। हालांकि, कपास का उत्पादन फसल वर्ष 2024-25 में घटकर 2.97 करोड़ गांठ (एक गांठ बराबर 170 किलोग्राम) रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 3.25 करोड़ गांठ था। चौहान ने कहा कि पिछले दस वर्षों में देश का खाद्यान्न उत्पादन बढ़कर 2024-25 में 35.77 करोड़ टन हो गया जो 2015-16 में 25.15 करोड़ टन था।

उदयपुर में नेत्रा मंटेना की शादी! जस्टिन बीबर, जेनिफर लोपेज और बॉलीवुड सतिारे बिखेरेंगे जलवा, भव्यता चरम पर होगी

उदयपुर में इस साल का सबसे ग्रैंड वेडिंग सेलिब्रेशन हो रहा है, क्योंकि फार्मास्यूटिकल मैग्नेट रामा राजू मंटेना की बेटी नेत्रा मंटेना, एंटरप्रेन्योर वामसी गदिराजू के साथ शादी के बंधन में बंधने की तैयारी कर रही हैं। 21-23 नवंबर तक चलने वाले तीन दिन के फंक्शन ने शहर के झील किनारे बने महलों को ग्लोबल एंटरटेनमेंट हब में बदल दिया है, जिसमें इंटरनेशनल सुपरस्टार और बॉलीवुड रॉयल्टी राजस्थान आ रहे हैं।

हाँ! आपने सही पढ़ा, जस्टिन बीबर और जेनिफर लोपेज जैसे इंटरनेशनल पॉप सिंगर से लेकर कृति सनोन और रणवीर सिंह जैसे बॉलीवुड सेलेब्स शादी में स्टेज पर आग लगाते हुए दिखाई देंगे।

इंटरनेशनल आइकॉन जस्टिन बीबर और जेनिफर लोपेज के म्यूजिकल इवनिंग में हेडलाइन करने की उम्मीद है, साथ ही टिएस्टो, ब्लैक कॉफी, सर्क डू सोलेल जैसे दुनिया भर के जाने-माने परफॉर्मर और डीजे अमन नागपाल भी शामिल होंगे। उनकी मौजूदगी ने ऑनलाइन सबका ध्यान खींचा है, जिससे यह प्राइवेट इवेंट कल्चरल बातचीत का मुद्दा बन गया है।

बॉलीवुड के बड़े नाम भी गेस्ट लिस्ट का हिस्सा हैं, जिसमें रणवीर सिंह, ऋतिक रोशन, माधुरी दीक्षित, शाहिद कपूर, करण जौहर, कृति सनोन और दूसरे लोगों के आने की उम्मीद है। शादी असल में एक स्टार-स्टडेड परेड में बदल गई है, जिसमें ए-लिस्टर्स के फ्लो को मैनेज करने के लिए हाई सिक्योरिटी और टाइट शेड्यूल है।

शादी के बड़े फंक्शन उदयपुर के द लीला पैलेस, ज़नाना महल और पिछोला झील पर बने आइलैंड पैलेस में हो रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वेडिंग प्लानर्स विज़क्राफ्ट ने उदयपुर की कल्चरल रिचनेस को हाईलाइट करने के लिए हेरिटेज को ग्लोबल ग्लैमर के साथ मिलाने के लिए जाने-माने डेकोर डिज़ाइनर्स, शेफ्स और ट्रेडिशनल फोक ग्रुप्स को एक साथ लाया है।

नेत्रा मंटेना, जो अपने परिवार के बिज़नेस एम्पायर के तहत फिलैंथ्रॉपी और वेलनेस इनिशिएटिव्स में अपने काम के लिए जानी जाती हैं, ज़्यादातर लाइमलाइट से दूर रही हैं। दूल्हा, वामसी गादिराजू, एक एंटरप्रेन्योर और टेक प्रोफेशनल हैं।

मध्य रेल
सोलापुर मंडल
विद्युत कार्य
निविदा क्रं. :- सोला/क.वि./नि/2025/26. भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि.), मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याती प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेल्वे की ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन आमंत्रित करते है। **कार्य का नाम:** टिकेकरवाडी में प्रस्तावित कोचिंग रखरखाव डिपो (चरण-1) के संबंध में विद्युत टीआरडी का कार्य। **कार्य की लागत:** ₹ 5,62,96,465.20. **बयाना राशि:** ₹ 4,31,500/- **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 माह. **निविदा प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **वेबसाइट पर निविदा बंद होने की तिथि और समय: दि. 15.12.2025 को 15:00 बजे।**
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि.)
मध्य रेल, सोलापुर
Akar/Sur-77
टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

मध्य रेल
सोलापुर मंडल
ई-निविदा सूचना
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये ई निविदाएं आमंत्रित करते है। **1. ई-निविदा सूचना क्र. 44-2025-SrDENC. कार्य का नाम :** 1-Construction of New quarters at KEM (type-II 04 units), JEUR (Type-II 04 units) BLNI (Type-II 04 units) & WSB (Type-II 04 unit) under ADEN/BG/KWV. 2- Construction of New quarters at SGRE (type-II 04 units),JTRD (type-II 04 units), ARAG (type-II 4 units), YSI (Type-II 02 units) & DKY (Type-II 02 units) under ADEN/PVR & ADEN/LUR. 3- Construction of quarters in lieu of old quarters at SUR (Type-III 04 units & Type-IV 02 units) under ADEN/W/SUR sub division, PJR(Type-II 04 units) & YSI (TypeII 02 units) under ADEN/LUR sub division. **अनुमानित लागत:** ₹ 9,02,55,439.70. **बयाना रक्कम:** ₹ 6,01,300/-. **समापन की अवधी:** 12 महिने. **अनुरक्षण की अवधी:** 24 महिने. **www.ireps.gov.in इस वेबसाइट पर टेंडर अपलोड करने की अंतिम दिनांक और समय: 12.12.2025 को 15:00 बजे तक. www.ireps.gov.in इस वेबसाइट पर टेंडर खुलने का दिनांक और समय: 12.12.2025** को **15:30 बजे.** निविदाकारों से निवेदन है की कोई बदलाव/शुद्धिपत्र (यदि हो) के लिये Website: **www.ireps.gov.in** पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे।
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)
म.रे. सोलापुर
Akar/Sur-75
टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

मध्य रेल
भुसावल मंडल
खुली ई-निविदा
निविदा सूचना सं. भुसावल_इलेक्ट_टीआरडी_74_2025, दिनाक 19/11/2025. भारत के महामाहिम राष्ट्रपति हेतु सीनियर डिवीजनल बिजली इंजीनियर (क.वि.) मध्य रेल, भुसावल द्वारा निम्न लिखित कार्य हेतु डीजीटेली हस्थाक्षरित ऑनलाइन ओपन ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** निम्नलिखित कार्यों के संबंध में, 25 केवी, सिंगल फेज, ए.सी. ओएचई कार्यों का डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग : **a.** देवलाली स्टेशन के BSL एंड पर UP दिशा में 2 स्टेबलिंग लाइन 750M (UP और DN लूप) का प्रोविज़न । **b.** देवलाली स्टेशन फेज-II में C&W जांच और स्टेबलिंग सुविधाओं का प्रोविजन। **c.** नासिक स्टेशन की 2 स्टेबलिंग लाइन का प्रोविजन। **d.** नासिक रोड स्टेशन पर PF नंबर 2/3 CSMT एंड पर COP के एक्सटेंशन का प्रोविजन। **e.** नासिक रोड स्टेशन पर PF नंबर 4 पर कवर ओवर प्लेटफॉर्म (COP) का प्रोविजन। **f.** असवाली-नासिक सेक्शन में ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग (ABS) के कनेक्शन मै AT सप्लाई का प्रोविजन। **g.** इगतपुरी-असवाली सेक्शन (26.00 KM) में ऑटोमैटिक सिग्नलिंग (ABS) देकर मोबिलिटी इम्प्रूवमेंट और कैपेसिटी बढ़ाने के कनेक्शन में AT सप्लाई का प्रोविजन।। **कार्य की लागत:** ₹ 7,71,56,720.50. **बयाना राशी:** ₹ 5,35,800/- **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख, समय: 12.12.2025** up to **15.00** hrs. अतिरिक्त जानकारी के लिए वेब साइट का पत्ता: **www.ireps.gov.in**
Akar/BSL-11
टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

मध्य रेल
ई-निविदा सूचना संख्या:
CR-NGP-M-11-DT-18-11-2025
कार्य का नाम: "नागपुर मंडल स्थित एलएचबी कोचों में आरडीएसओ, एमसीएफ-आरबीएल द्वारा निर्धारित प्रेशराइज्ड़ फ्लशिंग सिस्टम में संशोधन का कार्य". **कार्य का स्थान:** कोचिंग डिपो नागपुर डिवीजन/मध्य रेलवे. **कार्य कि अवधि:** एक साल. **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹ 13,46,616/- (तेरह लाख, छियालीस हजार, छह सौ सोलह रूपये मात्र). **निविदा की सुरक्षा:** ₹ 26,900/- (छब्बीस हज़ार नौ सौ रूपये मात्र). **निविदा दस्तावेज का मूल्य:** कुछ नहीं. **निविदा बंद होने की अंतिम तारीख तथा समय: 09.12.2025** को **12.30 बजे.** विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करे.
वरि. मंडल यांत्रिक इंजिनियर,
मध्य रेलवे, नागपुर
AK-315
टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

स्टेट यूनानी मेडिकल कॉलेज प्रयागराज में 20 दिवसीय पी.जी. ट्रांजिशनल करिकुलम का उद्घाटन

प्रयागराज। स्टेट यूनानी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, प्रयागराज के अहमद उस्मानी ऑडिटोरियम में इस वर्ष पोस्ट ग्रेजुएट विभाग में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के लिए 20 दिवसीय ट्रांजिशनल करिकुलम का उद्घाटन समारोह कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. वसीम अहमद की अध्यक्षता में धूमधाम से हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के अधीनस्थ आयुष विभाग की महानिदेशक माननीया श्रीमती चैत्रा वी (आई.ए.एस.), विशेष अतिथि प्रोफेसर जी.एस. तोमर तथा यस्मनील उस्मानी उपस्थित रहे।

एन.सी.आई.एस.एम., नई दिल्ली के सुनहरे सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए इस 20 दिवसीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को यूनानी तिब की महत्ता और उपयोगिता तथा आधुनिक आवश्यकताओं से अवगत कराना, उनमें शोध एवं बौद्धिक आत्मविश्वास जगाना, आयुष विभाग के नियम-कानूनों की पूर्ण जानकारी देना तथा बेहतर भविष्य के लिए मार्गदर्शन करना है।

कार्यक्रम का शानदार आगाज़ तिलावत-ए-कलाम-ए-पाक से हुआ। विभागाध्यक्ष माहियतुल अमराज़ प्रोफेसर इरफान अहमद ने अतिथियों का विशेष स्वागत करते हुए स्वागत संबोधन पेश किया। एकेडमिक इंचार्ज प्रोफेसर नजीब हंज़ला अम्मार ने बेहतरीन एवं व्यापक अंदाज़ में कॉलेज के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और विकास यात्रा पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि, आयुष विभाग उत्तर प्रदेश सरकार की महानिदेशिका माननीया श्रीमती चैत्रा वी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में अपने शैक्षणिक सफर और यूनानी तिब के लंबे शैक्षणिक सफर में समानता बताते हुए समय की महत्व पर ज़ोर दिया कि हर पल को अनमोल समझकर उसका सही उपयोग करें। इंसानियत के दुख-दर्द को दूर करना जीवन का लक्ष्य बना लें। उन्होंने नए छात्र-छात्राओं को विशेष बधाई भी दी।

विशिष्ट अतिथि के रूप में स्टेट आयुर्वेदिक कॉलेज प्रयागराज के पूर्व प्रिंसिपल प्रोफेसर जी.एस. तोमर ने वर्तमान परिदृश्य में आयुष की भूमिका को रेखांकित करते हुए आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सा पद्धति को जीर्ण एवं असाध्य रोगों के लिए संजीवनी बताया । डॉ तोमर ने नवप्रवेशित छात्रों को अपने मोटिवेशनल एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान से लाभान्वित किया ।

कॉलेज के संस्थापक, खानदान-ए-उस्मानी के जीवंत वारिस जनाब यस्मनील उस्मानी ने भावुक लहजे में कहा कि यूनानी तिब के प्रचार-प्रसार के संबंध में हमारे बुजुर्गों के पुराने सपने की पूर्ति देखकर मुझे अत्यंत खुशी हो रही है।

कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. वसीम अहमद ने सभी अतिथियों का दिली स्वागत करते हुए छात्रों को बधाई दी। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हम ऐसी नई पीढ़ी तैयार कर रहे हैं जो यूनानी तिब में शोध और रचनात्मक क्षमताओं से सुसज्जित होकर इसे सामाजिक एवं वैश्विक स्तर पर आलोकित करेगी।

निदेशक यूनानी सेवाएं उत्तर प्रदेश प्रोफेसर जमाल अख्तर ने सफल कार्यक्रम की सराहना करते हुए कॉलेज में नए प्रवेश लेने वाले सभी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

धान्यवाद ज्ञापन पी.जी. कोऑर्डिनेटर डॉ. कमरुल हसन लारी ने किया। संचालन डॉ. रखशंदा बेग ने खुशनुमा अंदाज़ में किया और समापन कॉलेज तराना एवं राष्ट्रगान से हुआ।

मुख्यमंत्री योगी ने जंबूरी स्थल का निरीक्षण कर विश्वस्तरीय व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का आदेश दिया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को 19वें भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के जंबूरी की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की और इस कार्यक्रम के लिए विश्व स्तरीय व्यवस्था सुनिश्चित करने का आदेश दिये।

राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विश्वस्तरीय व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही की कोई गुंजाइश न रहे।

मुख्यमंत्री ने जंबूरी में शामिल होनेवाली महिला कैडेट्स की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित का विशेष निर्देश दिया। उन्होंने आवास, स्वच्छता, सुरक्षा, भोजन, स्वास्थ्य सुविधाओं और डिजिटल कनेक्टिविटी तक हर व्यवस्था को सर्वोत्तम मानक के अनुरूप तैयार करने पर जोर दिया। यह आयोजन 23 से 29 नवंबर तक वृंदावन कॉलोनी स्थित 'डिफेंस एक्सपो ग्राउंड' में होगा। उत्तर प्रदेश 61 वर्ष के लंबे अंतराल के बाद इस प्रतिष्ठित डायमंड जुबली संस्करण की मेजबानी कर रहा है। जंबूरी में देशभर के कैडेट भाग लेंगे।

अधिकारियों के मुताबिक, 300 एकड़ में फैले जंबूरी परिसर को 32 हजार प्रतिभागियों और तीन हजार स्टाफ सदस्यों के लिए तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नेपाल, श्रीलंका, भूटान, अफगानिस्तान सहित एशिया-प्रशांत क्षेत्र के कई देशों के प्रतिनिधि भी इसमें हिस्सा लेंगे।

दक्षिण अफ्रीका पहुंचे पीएम मोदी, जी-20 लीडर्स समिट में लेंगे हिस्सा

जोहानिसबर्ग। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अफ्रीका में पहली बार आयोजित हो रहे जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए शुक्रवार को तीन दिवसीय यात्रा पर दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी जी20 शिखर सम्मेलन से इतर छठे आईबीएसए (भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका) शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे।

दक्षिण अफ्रीका की यात्रा पर रवाना होने से पहले उन्होंने कहा कि वह वसुधैव कुटुंबकम तथा 'एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य' की भावना के अनुरूप भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे।

दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग रवाना होने से पूर्व पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, मैं दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में आयोजित होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने जा रहा हूं। यह शिखर सम्मेलन विशेष महत्व रखता है क्योंकि इसका आयोजन अफ्रीका में हो रहा है। इसमें अनेक वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

कई नेताओं से भी करेंगे मुलाकात

शिखर सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री के जोहानिसबर्ग में उपस्थित कुछ नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने की भी

संभावना है। वहां वह छठे आईबीएसए (भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका) शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे।

तीन सत्रों को संबोधित करेंगे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री विदेश मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी शिखर सम्मेलन के तीनों सत्रों को संबोधित करेंगे। यह जी20 समूह का लगातार चौथा शिखर सम्मेलन होगा, जो ग्लोबल साउथ में आयोजित किया जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका से पहले जी20 की अध्यक्षताएं क्रमशः ब्राजील (2024), भारत (2023) और इंडोनेशिया (2022) द्वारा की गई थीं। जी20 देशों में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किये, ब्रिटेन, अमेरिका, यूरोपीय संघ और अफ्रीकी संघ शामिल हैं।

मणिपुर में आरएसएस प्रमुख ने जनजातीय नेताओं को संबोधित किया बोले- परिवार के अंदर ही सुलझने चाहिए मुद्दे

इंफाल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने शुक्रवार को मणिपुर की राजधानी इंफाल में जनजातीय नेताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने सामाजिक एकता का आह्वान किया और कहा कि संघ समाज को सशक्त करने के लिए समर्पित संस्था है।

अपने तीन दिवसीय मणिपुर दौरे के दूसरे दिन भागवत ने इंफाल में जनजातीय नेताओं से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा 'आरएसएस किसी के खिलाफ नहीं है। इसे नष्ट करने के लिए नहीं, बल्कि समाज को पूर्ण बनाने के लिए गठित हुआ है।' उन्होंने कहा कि संघ न राजनीति करता है, न किसी संगठन को दूर से नियंत्रित करता है। आरएसएस केवल मित्रता, स्नेह और सामाजिक सौहार्द के माध्यम से कार्य करता है।

भारत की सभ्यता आधारित निरंतरता पर जोर देते हुए भागवत ने कहा, 'हम साझा चेतना के कारण एक हैं। विविधता के बावजूद हम एक ही सभ्यतागत परिवार से हैं। एकता हमेशा समानता की मांग नहीं करती।' उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना बाहरी कारणों से नहीं, बल्कि आंतरिक विघटन को दूर

करने के उद्देश्य से हुई थी और डॉ. केबी हेडगेवार ने समाज को जोड़ने का प्रयास किया।

भागवत ने कहा कि 'आरएसएस मनुष्य निर्माण और चरित्र निर्माण का आंदोलन है।' उन्होंने सभी को संघ की शाखाओं में जाकर यह समझने की सलाह दी कि संघ जमीनी स्तर पर कैसे काम करता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की सभ्यता को लेकर प्रतिबद्धता के साथ समाज की भलाई के लिए काम करने वाला हर व्यक्ति अघोषित स्वयंसेवक है।

जनजातीय नेताओं के सवालों के भी दिए जवाब

जनजातीय नेताओं की ओर से उठाए गए मुद्दों पर मोहन भागवत ने कहा कि ये राष्ट्रीय चिंताएं हैं। उन्होंने आत्मनिर्भरता और संविधान के भीतर समाधान खोजने पर बल दिया। उन्होंने कहा, 'परिवार के मुद्दे परिवार के अंदर ही सुलझाए जाने चाहिए। संवाद एकत्व पर आधारित होना चाहिए, न कि सौदेबाजी पर।' उन्होंने यह भी कहा कि कई क्षेत्रीय मुद्दों और विभाजनों की जड़ें औपनिवेशिक नीतियों में रही हैं।

भागवत ने जनजातीय नेताओं से अपनी स्वदेशी परंपराओं, भाषाओं और लिपियों पर गर्व करने और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ी स्वदेशी जीवनशैली अपनाने का आग्रह किया। युवा नेताओं से अलग बातचीत में, उन्होंने युवाओं से कहा कि भारत कोई नया राष्ट्र नहीं, बल्कि एक प्राचीन और निरंतर सभ्यता है।

राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि आरएसएस शाखाएं जिम्मेदार, सक्षम और निस्वार्थ नागरिकों को तैयार करने का काम करती हैं, जो अपनी प्रतिभा और क्षमता देश के लिए समर्पित करते हैं।

चीन पर मोदी सरकार ने ले लिया इतना बड़ा फैसला, जानकर जिनपिंग भी हैरान!

नई दिल्ली। भारत ने दुनिया भर में भारतीय मिशनों और वाणिज्य दूतावासों के माध्यम से आवेदन करने वाले चीनी नागरिकों के लिए पर्यटक वीजा खोल दिया है। दोनों देश वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर लंबे समय तक चले सैन्य गतिरोध के बाद अपने संबंधों को सामान्य बनाने की प्रक्रिया जारी रखे हुए हैं। यह कदम भारत द्वारा जुलाई में चीनी नागरिकों के लिए पर्यटक वीज़ा फिर से शुरू करने के चार महीने बाद उठाया गया है। अप्रैल-मई 2020 में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गतिरोध शुरू होने के बाद चीनी नागरिकों के वीज़ा निलंबित कर दिए गए थे। गलवान घाटी में सैन्य टकराव और एक क्रूर झड़प, जिसमें 20 भारतीय सैनिक और कम से कम चार चीनी सैनिक मारे गए, ने द्विपक्षीय संबंधों को छह दशकों के सबसे निचले स्तर पर पहुँचा दिया।

इस मामले से परिचित लोगों ने शुक्रवार को बताया कि इस सप्ताह की शुरुआत में दुनिया भर में भारतीय दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों में चीनी नागरिकों के लिए पर्यटक वीज़ा खोल दिए गए।

इस कदम के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई। नाम न छापने की शर्त पर सूत्रों ने बताया कि भारत और चीन ने हाल के महीनों में संबंधों को स्थिर और पुनर्निर्माण करने के लिए कई 'जन-केंद्रित कदमों' पर सहमति व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों के बीच सीधी उड़ानें, जो 2020 की शुरुआत से निलंबित थीं, अक्टूबर में फिर से शुरू हो गई हैं। संबंधों को सामान्य बनाने के अन्य कदमों में ग्रीष्मकाल में तिब्बत क्षेत्र के पवित्र स्थलों के लिए कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू करने का समझौता, विभिन्न श्रेणियों के यात्रियों के लिए वीज़ा सुविधा और राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ का स्मरणोत्सव शामिल हैं।

इससे पहले, भारत ने जुलाई में चीनी नागरिकों के लिए पर्यटक वीज़ा फिर से शुरू कर दिया था, जिससे वे बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास और शंघाई, ग्वांगझू और हांगकांग स्थित वाणिज्य दूतावासों में आवेदन कर सकते थे। दोनों पक्षों के दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों में राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किए गए। उपरोक्त उद्धृत व्यक्तियों में से एक ने बताया कि इन सभी कदमों का उद्देश्य दोनों देशों के नेताओं के मार्गदर्शन में लोगों के बीच आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाना है।

दुबई के एयर शो में बहुत बड़ा हादसा, तेजस फाइटर प्लेन क्रैश

दुबई एयरशो में भारत निर्मित एचएएल तेजस लड़ाकू विमान। यह विमान अल मकतूम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एक बड़ी भीड़ के सामने एक प्रदर्शन उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे हवा में घना काला धुआँ फैल गया और दर्शकों में दहशत फैल गई। रिपोर्टों के अनुसार, भारतीय एचएएल तेजस स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 2:10 बजे भीड़ के लिए एक प्रदर्शन उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। आपातकालीन दल ने शहर-राज्य के दूसरे हवाई अड्डे पर, जहाँ यह प्रमुख विमानन कार्यक्रम आयोजित हो रहा था, घटना पर प्रतिक्रिया दी। दुर्घटना के बाद पायलट की स्थिति तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाई।

तेजस क्या है?

एचएएल वेबसाइट पर दिए गए विवरण के अनुसार, तेजस 4.5 पीढ़ी का लड़ाकू विमान है जिसे आक्रामक हवाई सहायता, निकट युद्ध और ज़मीनी हमले के अभियानों के लिए डिज़ाइन किया

गया है। बहुमुखी प्रतिभा के लिए निर्मित, इसे ज़मीनी और समुद्री अभियानों के लिए भी डिज़ाइन किया गया है, जो इसे भारत के सबसे अनुकूलनीय स्वदेशी प्लेटफार्मों में से एक बनाता है। तेजस परिवार में वायु सेना और नौसेना दोनों के लिए एकल-सीट लड़ाकू संस्करण, साथ ही प्रत्येक सेवा के लिए दो-सीट प्रशिक्षक संस्करण शामिल हैं।

एचएएल वेबसाइट के अनुसार, यह सबसे उन्नत संस्करण, एलसीए एमके1ए, है जिसमें युद्ध क्षमता और उत्तरजीविता को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण उन्नयन शामिल हैं। इसमें एक ईएसए रडार, रडार चेतावनी और आत्म-सुरक्षा जैमिंग के साथ एक उन्नत इलेक्ट्रॉनिक युद्ध सूट, एक डिजिटल मैप जनरेटर, स्मार्ट मल्टीफ़ंक्शन डिस्प्ले, एक संयुक्त पूछताछ और ट्रांसपोंडर प्रणाली, और एक आधुनिक रेडियो अल्टीमीटर, साथ ही कई अन्य परिष्कृत प्रणालियाँ हैं जो इसके परिचालन प्रदर्शन को मजबूत करती हैं।

पाकिस्तान में अब कहां हो गया ब्लास्ट, 15 लोगों की मौत

फैसलाबाद। पंजाब प्रांत के फैसलाबाद जिले के मलिकपुर में एक रासायनिक कारखाने में बॉयलर फटने से कम से कम 15 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। विस्फोट सुबह-सुबह हुआ, जिससे आस-पास की कई इमारतें ढह गईं, जिनमें एक फ़ैक्टरी की इमारत भी शामिल थी। फ़ैसलाबाद के उपायुक्त राजा जहाँगीर अनवर ने संवाददाताओं को बताया कि बचाव अभियान जारी है और मलबे में और लोगों के दबे होने की आशंका है। अनवर ने कहा कि अब तक बचाव दल ने मलबे से 15 शव निकाले हैं और सात घायलों को अस्पताल पहुँचाया गया है। उन्होंने आगे कहा कि बचाव दल मलबा हटाने में लगे हुए हैं। ज़िले की पूरी मशीनरी बचाव कार्य में लगी हुई है।

पंजाब के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. उस्मान अनवर ने प्रभावी खोज और बचाव अभियान सुनिश्चित करने के लिए रेस्क्यू 1122, अग्निशमन विभाग और अन्य संबंधित एजेंसियों सहित सभी आपातकालीन प्रतिक्रिया दलों को पूर्ण सहयोग प्रदान करने के निर्देश जारी किए। पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज़ ने इस त्रासदी पर गहरा दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने फैसलाबाद आयुक्त से घटना के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है और क्षेत्र के अन्य रासायनिक कारखानों की सुरक्षा जांच तेज कर दी गई है। अधिकारी भविष्य में इसी तरह की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए औद्योगिक सुरक्षा प्रोटोकॉल के पालन की भी समीक्षा कर रहे हैं।

यह दुखद घटना क्षेत्र में औद्योगिक सुरक्षा मानकों को लेकर चिंताओं को रेखांकित करती है, क्योंकि अधिकारी बचाव अभियान जारी रखे हुए हैं और पीड़ितों और उनके परिवारों को सहायता प्रदान कर रहे हैं।

भयानक भूकंप से कांपा बांग्लादेश, 6 लोगों की मौत

बांग्लादेश में शुक्रवार सुबह 5.5 तीव्रता का भूकंप आने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। इसके प्रभाव से पूरे पश्चिम बंगाल में झटके महसूस किए गए। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, भूकंप सुबह 10:08 से 10:10 बजे के बीच कोलकाता, मालदा, नादिया, कूचबिहार और कई अन्य जिलों में कुछ सेकंड के लिए महसूस किया गया। दक्षिण और उत्तर दिनाजपुर सहित पश्चिम बंगाल के अन्य हिस्सों में भी झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, पश्चिम बंगाल के अलावा, पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों में भी भूकंप के झटके महसूस

किए गए। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप का केंद्र ढाका के घोरासल में था और इसकी गहराई 10 किलोमीटर थी।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, शुक्रवार तड़के पाकिस्तान और अफगानिस्तान में आए दो मध्यम तीव्रता के भूकंपों के बाद यह तीसरा भूकंप है। साल्ट लेक सेक्टर 3 के एक सोशल मीडिया उपयोगकर्ता ने बताया कि पंखे और सोफ़ा कम से कम सात से आठ सेकंड तक हिलते रहे। हालाँकि, किसी नुकसान या हताहत की तत्काल कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है। भूकंप के तुरंत बाद, सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें आने लगीं, जिनमें स्थानीय लोग आवासीय परिसरों, शैक्षणिक संस्थानों और व्यावसायिक भवनों के बाहर इकट्ठा होते दिखाई दे रहे थे। भूकंप के कारण ढाका में बांग्लादेश और आयरलैंड के बीच चल रहा टेस्ट मैच भी कुछ देर के लिए बाधित रहा। हालाँकि, कुछ मिनट बाद खेल फिर से शुरू हो गया और किसी नुकसान की खबर नहीं है।

Facebook: https://www.facebook.com/profile.phpid=100063787346044 **Twitter:** https://twitter.com/mantrabharatt=8tJONQ7H-h6EKqqap2tVMw&s=08 **Mobile No:** 7007837917

मंत्र भारत : R.N.I. MAHHIN/ 2016/65841 स्वात्वाधिकारी राकेश शर्मा के लिए राकेश शर्मा द्वारा AIS Printing solution प्लॉट नं0-A- 544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एमआईडीसी माहपे-नवी मुंबई, थाने 400709 से मुद्रित एवं शाप.नं. 36, द्वितीय तल, प्लाट -490.1. जाम मील बिल्डिंग, डॉ बाबा साहेब अम्बेकर रोड, लाल बाग परेल, मुम्बई-400012प्रकाशित एवं सम्पादित । कार्यालय : शाप.नं. 36, द्वितीय तल, प्लाट -490.1. जाम मील बिल्डिंग, डॉ बाबा साहेब अम्बेकर रोड, लाल बाग परेल, मुम्बई-400012 । फोन : 022-24706563 । कार्यकारी सम्पादक- योगेन्द्र चौधरी
E-Mail : editormantrabharat@gmail.com mantrabharatmumbai@gmail.com । सम्पादक : विनोद आर शर्मा, मोबाइल : 7007837917 । समूह सम्पादक : डॉ दयानन्द तिवारी। वैधानिक सूचना : मंत्र भारत से संबंधित समस्त विवाद निपटारे के लिए मंत्र प्रधान कार्यालय क्षेत्र प्रयागराज/ इलाहाबाद न्यायालय ही होगा। प्रधान कार्यालयः 80ए मेंहदौरी, तेलियरगंज, प्रयागराज-211004 (नोटः कानूनी पत्र व्यवहार का पता प्रधान कार्यालय ही होगा।)